दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 76 | सीकर, बुधवार 13 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## एसकेआईटी बना एमपीएल 2026 विजेता



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एमएनआईटी प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में एसकेआईटी ने थीसिस टाइटंस को 7 रन से हराते हुए रोमांचक जीत दर्ज कर टूर्नामेंट अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी एसकेआईटी की टीम से योगेश ने आतिशी पारी खेलते हुए 35 गेंदों पर 83 रनों की धुंआधार पारी खेलीए उन्होंने पांचवें विकेट पर मेहुल महर्षि 28 रनद्ध के साथ 74 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। एसकेआईटी के स्कोर 169 रन का पीछा करने उतरी थीसिस टाइटंस 20 ओवर में 162 रन ही बना सकी।

थीसिस टाइटंस की ओर से अभिषेक राज ने 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। मेन ऑफ द मैच का खिताब योगेश को मिला। वही अभिषेक राज को बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज, जीशान बेस्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज, मयंक गुप्ता को बेस्ट फील्डर ऑफ द सीरीज और सत्येंद्र को बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। एसकेआईटी के निदेशक जयपाल मील ने टीम की शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

## ट्रिपल मर्डर केस के मुख्य गवाह को जेल से धमकी
### परिवार सहित जान से मारने की चेतावनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नगर थाना इलाके में ढाई साल पहले हुए चर्चित ट्रिपल मर्डर केस के मुख्य गवाह को जेल से लगातार धमकियां मिलने का मामला सामने आया है। अलवर जेल में बंद हत्या आरोपी पर मोबाइल कॉल कर गवाह और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाकर सुरक्षा की मांग की है। पुलिस के अनुसार खटीकों का मोहल्ला निवासी करन सिंह उर्फ मोनू ने रिपोर्ट में बताया कि 29 नवंबर 2023 को आरोपी शिव प्रताप सिंह ने पड़ोस में रहने वाली गीता देवी की बहू और उसके दो बच्चों की हत्या कर दी थी। इस ट्रिपल मर्डर मामले में मालवीय नगर थाना पुलिस ने आरोपी शिव प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करन सिंह इस मामले का मुख्य गवाह है। पीड़ित ने बताया कि 11 फरवरी 2026 को उसके मोबाइल पर कॉल आया, जिसमें जेल में बंद आरोपी शिव प्रताप सिंह ने धमकी दी। इसके बाद 8 मई 2026 को फिर कॉल कर आरोपी ने कहा कि मेरे से पंगा मत लेए नहीं तो जैसा गीता देवी की बहू और बच्चों के साथ हुआ, वैसा ही तुम्हारे साथ भी होगा। आरोपी ने गवाही नहीं देने की चेतावनी भी दी। रिपोर्ट के अनुसार अगले दिन आए दो कॉल पीड़ित की पत्नी ने रिसीव किए। कॉल करने वाली महिला ने खुद को आरोपी की मां बताते हुए गवाही से दूर रहने को कहा। वहीं आरोपी के पिता ने भी धमकी देते हुए कहा कि यदि शिव प्रताप के खिलाफ गवाही दी तो पूरा परिवार अंजाम भुगतेगा।

पीड़ित का आरोप है कि पिछले तीन-चार दिनों से अलग-अलग नंबरों से लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले उसे, उसके बच्चों और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ खूड़ में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह में दांतारामगढ़ क्षेत्र के रूपगढ़, खूड़, गोठड़ा तगेलान, बाडलवास, भगतपुरा एवं विजयपुरा के विभिन्न विद्यालयों के मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली



विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र, नकद राशि एवं प्रेरणादायी साहित्य भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। समारोह में गायत्री परिवार के जिला प्रभारी डॉ महावीर कुमार शर्मा, परीक्षा प्रभारी पवन कचोलिया, त्रिलोक खंडेलवाल, आयुर्वेद विभाग के पूर्व उपनिदेशक डॉ महावीर कुमार वशिष्ठ, वरिष्ठ अध्यापक मनोहर लाल शर्मा तथा परीक्षा के तहसील प्रभारी बजरंग वशिष्ठ, विद्यार्थियों, अभिभावकों सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### लाडनूं के 5 गांवों को सुजानगढ़ पेराफेरी में शामिल करने का मामला
# विधानसभा में गूंजा नियम विरुद्ध पट्टों का प्रकरण

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** पंचायत समिति लाडनूं के ग्राम आसोटा, खानपुर, भियानी, जसवन्तगढ़ एवं सुजला क्षेत्र को सुजानगढ़ पेराफेरी एरिया में शामिल करने का विरोध अभी शान्त नहीं हो पाया वहीं दूसरी तरफ इन क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों द्वारा जारी किए गए पट्टों पर भी अब सवाल खड़ा हो गया हैं। वर्षों से भूमि रूपांतरण एवं नियमन बदलाव की मार झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिलने की बजाय पट्टों पर संकट मंडराने लगा है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा एक निर्णय लेते हुए लाडनूं तहसील के ग्राम जसवंतगढ़, आसोटा, खानपुर, भियानी, सुजला आदि गांवों को नगर परिषद सुजानगढ़ के पैराफेरी क्षेत्र में शामिल कर लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र को कन्वर्जन और नियमन दायरे में ले लिया गया। इसके बाद जारी किए गए पट्टों को लेकर विधानसभा में सवाल उठने के बाद अब 60 पट्टों की वैधता पर संकट खड़ा हो गया है।

### सुजानगढ़ पेराफेरी में शामिल होने के बाद ग्राम पंचायत के पट्टों को बताया नियम विरुद्ध

सुजानगढ़ विधायक मनोज कुमार ने 16 वीं राजस्थान विधानसभा में तारांकित प्रश्न संख्या 05/3383 के माध्यम से सरकार से जवाब मांगा है। प्रश्न में यह पूछा गया है कि सुजानगढ़ पैराफेरी क्षेत्र में आने के बाद ग्राम पंचायतों द्वारा जारी किए गए पट्टे वैध हैं या नहीं तथा प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी। विधानसभा में मामला उठने के बाद राजस्थान सरकार के पंचायती राज विभाग तथा जिला परिषद नागौर द्वारा लाडनूं विकास अधिकारी से तत्काल रिपोर्ट तलब की गई है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जिन मामलों में नियमन, कन्वर्जन अथवा पट्टा जारी करने की प्रक्रिया नियमानुसार की गई है, वहां आम नागरिकों को राहत देने पर विचार किया जा सकता है। वहीं यदि किसी स्तर पर नियमों की अनदेखी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों, ग्रामसेवक और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होना भी तय है।




### दोहरी मार झेलने को मजबूर हुए ग्रामीण

लाडनूं क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। इन क्षेत्रों को लाडनूं के ग्रामीण क्षेत्र से सुजानगढ़ शहरी क्षेत्र में शामिल करने के बाद भी पिछले लंबे समय से क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, नालियों की नियमित सफाई, सीवरेज व्यवस्था तथा अन्य शहरी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा। तथा वर्षों से लंबित नियमन और पट्टा संबंधी मामलों का स्थायी समाधान नहीं होने से उन्हें खासा परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।

### नियमन प्रक्रिया का ग्रामीणों पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ

स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा आसपास की कॉलोनियों में 500 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से नियमन प्रक्रिया शुरू किए जाने की चर्चा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में नियमन की दर 5 रूपये प्रति वर्गमीटर थी परन्तु सुजानगढ़ नगर परिषद् के अंतर्गत आने के पश्चात् यह राशि 100 गुना अधिक तक वसूली जानी हैं जिसका ग्रामीणों के सिर पर आर्थिक बोझ बढ़ने लगा है।

### इनका कहना है

‘ पेराफेरी एरिया के पट्टों को जारी करने के संबंध में कोई स्पष्ट आदेश प्राप्त नहीं है। अगर ऐसा है तो उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर ही आगे कार्य किया जाएगा।

**धर्मवीर सिंह**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जसवंतगढ़, लाडनूं।**

‘ क्षेत्र के गांवों को सुजानगढ़ में शामिल करने का मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। हरदयाल रुलानिया प्रशासक, ग्राम पंचायत आसोटा, लाडनूं।

सुजानगढ़ पेराफेरी क्षेत्र के संबंध में जिला कलेक्टर को फाइल भेजकर मार्गदर्शन चाहा गया है।

**अनिरुद्ध पांडे**
**तहसीलदार, लाडनूं**

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह बीडीके अस्पताल में मातृत्व दिवस के तहत बेटी को जन्म देने वाली महिलाओं को सम्मानित कर बेबी किट भेंट करने से हुई। इसके बाद जिला कलेक्टर ने नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फ्लोरेंस नाइटिंगेल की आकर्षक रंगोली का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि डॉ अरुण गर्ग ने नर्सिंग कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों की सेवा एक महान जनसेवा है, जिसमें नाम और पहचान से परे रहकर कार्य करने का जज्बा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती बीमारियों के दौर में चिकित्सा क्षेत्र में लगातार चुनौतियां बढ़ रही हैं, ऐसे में नर्सिंग कर्मियों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र भाम्बू ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ मरीजों की निरंतर मॉनिटरिंग कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में अहम भूमिका निभाता है। अस्पताल परिसर में ही नर्सिंग महाविद्यालय होने से अध्ययन, अध्यापन और मरीज सेवा का समन्वय बेहतर तरीके से हो रहा है। नर्सिंग प्राचार्य डॉ आबिदा खान ने विद्यार्थियों को मानवता की सेवा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजना चौधरी ने किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नर्सिंग विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया।




अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा रक्तदान भी किया गया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ दुष्यंत बसेरा ने नर्सिंग सेवा को सराहनीय बताते हुए रक्तदान के संकल्प को प्रेरणादायक बताया। जिला कलेक्टर ने भी चिकित्साकर्मियों द्वारा सेवा के साथ रक्तदान कर जीवन बचाने की भावना को अत्यंत प्रेरणादायक बताया तथा आमजन से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ राकेश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर कुल 21 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ, जो ट्रॉमा मरीजों एवं प्रसूताओं के लिए उपयोगी रहेगा। कार्यक्रम में जीएमसी प्राचार्य डॉ प्रमोद नारनोलिया, सीएमएचओ झुंझुनू, एसडीएम कौशल्या विश्नोई, डॉ सिद्धार्थ शर्मा, डॉ विजय झाझड़िया, डॉ प्रियंका शेखसरिया, सुमन ओला, पूनम भास्कर, पूनम डांगी सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

## दरिंदगी पर सख्त वार
### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पोक्सो न्यायालय झुंझुनू के विशिष्ट न्यायाधीश इसरार खोखर ने एक महत्वपूर्ण फैसले में नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के आरोपी कुलदीप सिंह पुत्र मनभर मेघवाल, निवासी हनुतपुरा पुलिस थाना धनूरी को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। प्रकरण के अनुसार 3 सितम्बर 2025 को पीड़िता के पिता ने पुलिस थाना धनूरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी पिछले दो-तीन वर्षों से उनकी नाबालिग पुत्री को परेशान कर रहा था। आरोप है कि अगस्त 2023 में आरोपी ने पीड़िता को डरा-धमकाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

आरोपी ने पीड़िता को भयभीत कर अलग-अलग स्थानों पर बुलाकर कई बार दुष्कर्म किया। लगातार उत्पीड़न से परेशान पीड़िता ने अंततः अपने पिता को पूरी घटना बताई, जिसके बाद मामला दर्ज कराया गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया। राज्य पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने पैरवी करते हुए 13 गवाहों के बयान और 56 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास सहित अन्य धाराओं में भी सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ भुगतने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही आरोपी पर कुल 1 लाख 85 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## जनगणना प्रशिक्षण शिविर का समापन

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जनगणना 2027 के अंतर्गत श्री सूरजमल तापड़िया आचार्य संस्कृत कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के रूप में तहसीलदार अनिरुद्ध पाण्डे, नायब तहसीलदार प्रहलाद पारीक, संस्कृत कॉलेज प्राचार्य हेमंत कृष्ण मिश्र एवं उप प्राचार्य राकेश नेहरा उपस्थित रहे। समारोह के दौरान अतिथियों ने जनगणना 2027 को राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि सही एवं सटीक जनगणना देश की योजनाओं और विकास कार्यों की मजबूत आधारशिला होती है। कार्यक्रम में प्रशिक्षण शिविर के अनुभव साझा किए गए तथा प्रतिभागियों को जनसंख्या गणना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों ने प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। फील्ड ट्रेनर राजेंद्र सिंह सांखला, कृष्ण गोपाल राठी, जगदीश, मदन लाल गुर्जर, रामनिवास, दिनेश पुरी ने प्रगणकों, सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण दिया।




## कम प्रेशर से पानी आने का एक महीने से नहीं हुआ समाधान

**लोसल ( नवयत्न )।** बढ़ता जा रहा तापमान के बीच कम प्रेशर से पानी आने की समस्या का एक महीने में समाधान नहीं हुआ है। हालत यह है कि इस भीषण गर्मी में लोगों के घर पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। जलदाय विभाग के पास पेयजल आपूर्ति के लिए अच्छा खासे इंतजाम है। विधायक गोरधन वर्मा के प्रयास से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने लगभग अस्सी नब्बे लाख रुपए स्वीकृत किए थे। जिसके बाद यहां पर जलदाय विभाग में स्थित पानी की टंकी को भरने के लिए स्त्रोत्र बढ़ गए थे। इसके बाद भी कम प्रेशर से पानी आने से भीषण गर्मी में लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।


## नीट परीक्षा रद्द होने पर भाजपा सरकार ने 22 लाख युवाओं के सपनों पर फेरा पानी : खाचरियावास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने नीट-2026 परीक्षा रद्द होने की खबर पर भाजपा सरकार और केंद्र की शिक्षा व्यवस्था पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परीक्षा रद्द होने का मामला नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों और मेहनत पर चोट है। खाचरियावास ने बयान जारी कर कहा कि लाखों विद्यार्थियों ने दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी की। अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई और कोचिंग के लिए कर्ज तक लियाए कई परिवारों ने आर्थिक परेशानियां झेली, लेकिन सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था ने युवाओं का भविष्य संकट में डाल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार हो रहे पेपर लीक यह साबित करते हैं कि देश की शिक्षा व्यवस्था पर पेपर माफियाओं का कब्जा हो चुका है। हर बार बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन असली दोषी बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र मानसिक तनाव और असमंजस का शिकार होते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार का तथाकथित श्अमृतकालश् युवाओं के लिए श्विषकालश् बनता जा रहा है। यदि मेहनत और प्रतिभा की जगह पैसे और पहुंच से भविष्य तय होने लगे, तो यह शिक्षा व्यवस्था और लोकतंत्र दोनों के लिए खतरे की घंटी है। खाचरियावास ने मांग की कि पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच करवाई जाए। साथ ही पेपर लीक माफिया और उन्हें संरक्षण देने वालों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि लाखों छात्रों को मानसिक और आर्थिक नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का युवा अब जवाब मांग रहा है कि आखिर कब तक पेपर लीक के कारण उनके सपनों पर बुलडोजर चलता रहेगा।

### कोबरी-सार



# प्रतिभा सम्मान समारोह में 100 से अधिक विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर युवा विकास समिति के तत्वावधान में एवं मूलचंद दाऊलाल चौधरी बीकानेर भुजिया वाले के आर्थिक सहयोग से सोमवार को भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, गुरुजनों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पुष्पा देवी चिडालिया ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरदीप सिंह तहसीलदार राजलदेसर, दाऊलाल चौधरी बीकानेर हुनतमल नाहर, गणेश रेवाड़िया, मदन बैद, पूनमचंद गर्ग, हीरालाल सोनी, मुकेश श्रीमाल अध्यक्ष युवा विकास समिति एवं रतनलाल बारूपाल कौर कमेटी अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों का समिति की ओर से दुपट्टा एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के साथ हुआ, जिसमें मोनिका बैद, मधु श्रीमाल, राज बैद सहित महिलाओं ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। वहीं पंडित बृजेश दाधीच के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों का तिलकार्चन किया गया। समारोह में श्रीराम विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं राजस्थानी संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया। वहीं राधिका सोनी ने भी राजस्थानी लोकगीत पर आकर्षक प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। समिति अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने समिति की गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकारों की जानकारी देते हुए कहा कि समिति लगातार शिक्षा, युवा जागरूकता एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों, सदस्यों का आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले गुरुजनों का भी सम्मान किया गया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों से जुड़े 22 से अधिक समाजसेवियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 100 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, मिठाई, भुजिया पैकेट एवं स्कूल बैग प्रदान किए गए। विद्यार्थियों को स्कूल बैग समाजसेवी हुनतमल नाहर की ओर से वितरित किए गए। मुख्य अतिथि संदीप व्यास ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर मेहनत कर अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गणेश रेवाड़िया, भुवनेश्वर शर्मा, तहसीलदार हरदीप सिंह, चुन्नीलाल घोषल सहित अन्य अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किए। रतनलाल बारूपाल ने शानदार सफल कार्यक्रम के लिए सभी का आभार जताया। श्री राजलदेसर गौशाला परिवार के द्वारा भी दाऊलाल चौधरी का दुपट्टा शॉल पहनाकर व मोमेंटो तथा गौ माता का प्रतीक चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका बैद के द्वारा किया गया।

## पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** भीषण गर्मी को देखते हुए बाबा सुन्दरदास गोपाल गोशाला जाखल में गोभक्तों द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस दौरान गोशाला परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर पानी से भरे परिंडे बांधे गए ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत मिल सके। अध्यक्ष प्रतापसिंह मूंड ने बताया कि तेज गर्मी में पक्षियों को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में लोगों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर परिंडे लगाकर जीव सेवा का संदेश देना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद गौभक्तों ने नियमित रूप से परिंडों में पानी भरने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गोसेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जीव दया का संदेश भी दिया गया। गोशाला समिति ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है तथा इससे जीव-जंतुओं को जीवनदान मिलता है।

## गांधी चौक पार्क आम जन के लिए खोलने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरना लगातार 9 वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल की ओर से एडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में नेहरू पार्क को आम जन के लिए खोले जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि शहर के गांधी चौक में स्थित पार्क को रोजाना दिन में 12 घंटे आम लोगों वरिष्ठ नागरिकों के लिए खोला जावे ताकि शहर के नागरिक स्वास्थ्य लाभ ले सकें। इसी प्रकार पार्क में छाया पानी की भी अच्छी व्यवस्था की जावे ताकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फिट इंडिया का नारा सही अर्थों में साबित हो सके। क्योंकि पार्क खुला रहेगा तो यहं पर आम नागरिक सुबह शाम योग व आसन करेंगे और स्वस्थ रहेंगे। इसलिए पार्क में बैठकर रिलैक्स होने के लिए सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाएं। ताकि इस पार्क की सेवाएं आमजन के लिए लाभकारी साबित हो सके। दोपहर के वक्त भी यह पर खुला रहेगा तो लोगों के लिए छाया की व्यवस्था हो सकेगी और जनता को बड़ी राहत मिल सकेगी। इसलिए इस पार्क में छाया पानी की व्यवस्था करवाते हुए प्रतिदिन इसे आमजन के लिए 12 घंटा खुला रखा जावे। वहीं पार्क में पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पुन: स्थापित किए जाने की मांग भी की गई है। धरने पर तरूण सियोता, मुकेश गोयल, निवर्तमान पार्षद इकबाल खान कायमखानी, विनोद, शंकरलाल, हंसराज, विकास, श्याम, राकेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## समय पर नालों की सफाई नहीं करने पर 9 नोटिस जारी

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद से नाला सफाई कार्य का व अन्य कार्यों का टेंडर लेने के बाद भी समय पर कार्य चालू नहीं करने व समय पर काम कम्पलीट नहीं करने वालों पर आयुक्त ने सख्ती दिखाते हुए नोटिस जारी किए हैं। नगरपरिषद आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि मैसर्स रामप्यारी सियोता इंटरप्राइजेज को लीलगर मस्जिद से गौमजी चौक, चापटिया तलाई तक नाला सफाई का कार्य शुरू नहीं करने पर नोटिस दिया गया है और दो दिनों में कार्य प्रारंभ की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। इसी फर्म को दूसरा नोटिस माणक मेडिकल से लेकर गेनाणी पंप तक, लुहार बस्ती के आगे से कैंची को लेते हुए लाडनू बस स्टेंड तक नाला सफाई कार्य को लेकर दिया गया है। इसी प्रकार मैसर्स अजय कंस्ट्रक्शन कंपनी को नाला सफाई कार्य ऋषि होटल से तोकिर हसन मस्जिद से श्मसान पश्चिमी गेट तक,, वापस भंवर कुरेशी के घर तक और वहां से चापटिया तलाई तक कार्य 20 दिनों मे कंपलीट नहीं किया गया। साथ ही कार्य प्रारंभ की रिपोर्ट दो दिनों में मांगी गई है। इसी फर्म को खानपुर पुराने पंप हाउस से महावीर सिंह के खेत तक नाला सफाई कार्य को लेकर, पंचायत समिति के आगे से बीडीएस होटल, वेंकटेश्वर मंदिर से आरडीएस स्कूल, कनोई बिल्डींग होते हुए शास्त्री प्याउ तक दोनों तरफ के नाला सफाई कार्य को लेकर भी नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार मैसर्स स्वेट सोसायटी को चापटिया पंप हाउस से हीरो होंडा शोरूम से भोजलाई चैराहा, कब्रिस्तान दक्षिणी गेट से चापटिया तलाई तक नाला सफाई कार्य को लेकर नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार मैसर्स दिव्या इंटरप्राईजेज को भारत टेंट हाउस से भाटी चैम्बर तक, नाला सफाई कार्य दोनों तरफ सालासर रोड भोजलाई चैराहा से कानाराम ढ़िढ़ारिया के घर तक व भाटी चैम्बर से खानपुर पुराने पंप हाउस तक नाला सफाई का कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर नोटिस दिए गए हैं। सभी नोटिस में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

## कच्छावा इंटक के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी नियुक्त

निसं



**सीकर (नवयत्न)।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली के निर्देशानुसार सीकर इंटक जिला अध्यक्ष रणवीर लाखनी ने आनंद सिंह कच्छावा को सीकर जिला इंटक का प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है इंटक जिला अध्यक्ष रणवीर लाखनी ने नियुक्ति के साथ आशा व्यक्त की है कि कच्छावा संगठन को मजबूत व गतिशील बनाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे इसके साथ ही जिले में होने वाली समस्त मजदूर गतिविधियों को भी संकलन करने के संगठन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे उल्लेखनीय है कि कच्छावा सीकर जिला पेंशनर मंच समिति के भी प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी है इंटक प्रवक्ता नियुक्त होने पर सीकर विधायक राजेंद्र पारीक यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकुल खीचड़ व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजू गोदारा सहित विभिन्न राजनेताओं एवं शुभचिंतको ने कच्छावा को बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल 23 मई को

निसं

जयपुर (नवयत्न)। शहर के प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 23 मई को शास्त्रीनगर स्थित साइंस पार्क में जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल-2026 का आयोजन किया जाएगा। इसमें गायन, वादन और नृत्य की त्रिवेणी प्रवाहित होगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्रीराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से होगा। इसमें 200 कलाकार भाग लेंगे। जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल में गायन प्रस्तुतियों के अंतर्गत एकल प्रस्तुति, युगल प्रस्तुति एवं समूह प्रस्तुति श्रेणियां रखी गई हैं। वहीं वाद्य संगीत प्रस्तुतियों को भी विशेष स्थान दिया गया है। समूह प्रस्तुति के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें श्रेणी, में 4 प्रतिभागी, श्रेणी बी में 6 प्रतिभागी तथा श्रेणी सी में 8 से 10 प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन नवोदित कलाकारों के लिए अपनी कला को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर साबित होगा। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. राम शर्मा ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 15 मई तक अपना पंजीकरण व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से करवा सकते हैं।

## भूमि आवंटन को लेकर पेंशनर समाज ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** पेंशनर समाज की स्थानीय उप शाखा आयुक्त नगर परिषद व तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ज्ञापन सौंपकर पेंशनर समाज के लिए भूमि नि:शुल्क आवंटन हेतु एवं निदेशक पेंशनर विभाग राजस्थान जयपुर के पत्रों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आयुक्त ने भूमि आवंटन के संबंध सकारात्मक वार्ता की तथा भूमि आवंटन के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन सौंपते वक्त अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़, मंत्री सुरजाराम डाबरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याधर पारीक, मन्नालाल, सुखलाल सोनी, आनंदी लाल सोनी, विनोद कुमार सोनी, रामचन्द्र गोदारा, ओंकाराराम, किसनलाल कटारिया, दीपा राम सांडेला, हाकम अली, रणजीत, दीने खां सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पेयजल की किल्लत को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

निसं



**नवलगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही ग्राम विकास रथ यात्रा नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुरा शाहपुरा पहुँची। मिनी सचिवालय परिसर में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ रथ का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट को लेकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं रथ यात्रा विधानसभा प्रभारी सुभाष शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की कि गांव में पीने के पानी की कमी को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए यात्रा प्रभारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इस गंभीर समस्या को शीघ्र ही राज्य सरकार के संज्ञान में लाएंगे ताकि इसका उचित समाधान हो सके। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों, किसानों को दी जा रही आर्थिक सहायता और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस दौरान प्रचार सामग्री और पत्रकों का भी वितरण किया गया। जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणों और किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आगामी 23 मई से 25 मई तक जयपुर में आयोजित होने वाले विशाल कृषि मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया। सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश आलडिया ने किसानों से मेले के लिए शीघ्र पंजीकरण कराने का आग्रह किया ताकि वे आधुनिक कृषि तकनीकों से रूबरू हो सकें। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामकरण चौधरी, सहायक कृषि अधिकारी अशोक कुमार, विद्याधर साखनिया, पंचायत प्रशासक महेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी ललित कुमार छिपा, रामप्रताप शर्मा, फूलचंद, बाबूलाल, विनोद स्वामी, पूर्व सरपंच ओम प्रकाश मीणा, महेंद्रकमार यादव, सांवरमल कटारिया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर कार्रवाई, बिना नंबरी बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर आरोपी गिरफ्तार

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी पुलिस ने मंगलवार को अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे एक बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। इस दौरान पुलिस ने ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि पुलिस चौकी निजामपुर थाना खेतडी के सामने आम सडक मेहाडा-खेतडी पर नाकाबंदी शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबरी ट्रेक्टर ट्रोली के बजरी से भरा हुआ आया, जिसके चालक को रोकने का ईशारा देकर रूकवाया।

इस दौरान जब ड्राइवर से नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम हेमराज पुत्र सुरजभान निवासी जमालपुर थाना मेहाड़ा होना बताया। ड्राइवर हेमराज को ट्रेक्टर ट्रोली मे भरी बजरी के संबंध में रॉयल्टी व अनुज्ञा पत्र के बारे में पुछताछ की तो कुछ नही होना बताया। जिस पर पुलिस ने अवैध खनन कर चोरी कर ले जाने पर बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। खेतड़ी के खनन क्षेत्र में अवैध रूप से खनन होने को लेकर ग्रामीणों की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। इसके बावजूद भी अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लग पा रही है। अवैध खनन में लिप्त लोग आसपास के क्षेत्र के अलावा हरियाणा में बजरी सप्लाई कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एचसी महेश कुमार, पवन कुमार आदि शामिल थे।

## सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष की पुण्यतिथि मनाई



निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के सैनी छात्रावास में मंगलवार को सैनी समाज संस्था की ओर से सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष भोजाराम सैनी की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष मक्खन लाल सैनी ने की। उपस्थित लोगों ने भोजाराम सैनी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रंद्धाजंली अर्पित की। सेवानिवृत्त एईएन हरिराम सैनी ने बताया कि सैनी दबंग और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। सैनी समाज संस्था के विकास में उत्कृष्ट कार्य किये थे। वे सेठजी के नाम से मशहूर थे। इस दौरान सांवर मल सैनी, दलीप सैनी, रवि सैनी, सोनू सैनी, अर्जुनलाल सैनी, गौरव सैनी, प्रभात सैनी, अजय सैनी, विजय सैनी सहित कई आदि मौजूद रहे।

## नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** नीट पेपर लीक मामले, शिक्षा व्यवस्था में कथित भ्रष्टाचार और केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए बेरिकेट्स पार करने का प्रयास किया। कई कार्यकर्ता बेरिकेटिंग पर चढ़ गए, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। पुलिस ने प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए कई छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं को डिटेन भी किया। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन पुलिस की बैरिकेडिंग और दमनात्मक कार्रवाई से डरने वाला नहीं है तथा छात्रों के अधिकारों की लड़ाई लगातार जारी रखेगा। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और सुरक्षित बनाए रखने में विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का पेपर लीक होना लाखों विद्यार्थियों के सपनों पर सीधा आघात है। एनएसयूआई ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू की जाए। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि छात्रों को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## अपहरण के मामले में फरार चल रहा 2 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** छह माह से अपहरण और मारपीट के मामले में फरार चल रहे 2 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में पूर्व में एक अन्य आरोपी नवीन उर्फ पिंटू को गिरफ्तार किया जा चुका है। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 30 अक्टूबर 2025 को लोयल निवासी कपिल जाट ने रिपोर्ट दी थी, रिपोर्ट में बताया था कि नवीन कुमार मेघवाल ने फोन कर उसे घर से बाहर बुलाया। इसके बाद बिना नंबर की थार गाड़ी में अन्य युवकों के साथ जबरन बैठाकर लोयल ग्राउंड में ले जाया गया, जहां आरोपियों ने लकड़ियों और सरियों से मारपीट की। बाद में घायल अवस्था में उसे घर के सामने छोड़कर आरोपी फरार हो गए। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से लगातार दबिश दी गई। फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 2 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। महपालवास थाना सूरजगढ़ निवासी अंशु को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि इस मामले में पूर्व में नवीन उर्फ पिंटू निवासी लोयल को गिरफ्तार किया जा चुका है। कार्रवाई में आसूचना अधिकारी नेमीचंद का विशेष योगदान रहा। टीम में थाना अधिकारी राकेश कुमार, कांस्टेबल कप्तान सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश, कांस्टेबल नेमीचंद, योगेश एवं मनीष शामिल रहे।

# श्री अयोध्या धाम महिला श्रद्धा यात्रा 15 मई को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सनातन संस्कृति, गौ संरक्षण और नारी शक्ति के संदेश के साथ जयपुर से 151 महिलाओं की अयोध्या धाम महिला श्रद्धा यात्रा 15 मई को रवाना होगी। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद एवं लाडो अपनी बचत घर योजना महिला सहकारी समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में मातृ शक्ति जयपुर के आराध्य देव गोविंद देव जी महाराज का आशीर्वाद लेकर अयोध्या धाम रवाना होगी और प्रभु श्रीराम के चरणों में विजय ध्वज अर्पित करेंगी। यात्रा का नेतृत्व मोनिका गुप्ता करेंगी। वे प्रदेश की महिलाओं की ओर से प्रभु श्रीराम को पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिली ऐतिहासिक विजय का धन्यवाद ज्ञापित करेंगी और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की प्रार्थना करेंगी। महिलाएं जयपुर से भगवान गोविंद देव जी की विशाल छवि भी अपने साथ अयोध्या लेकर जाएंगी। अयोध्या में रामलला के समक्ष गोविंद देव जी की पूजा.अर्चना की जाएगी। एक तरह से यह द्वापर और त्रेता युग के मिलन का दृश्य होगा। गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि यात्रा हर घर राम हर मन गौ सेवा हर नारी आत्मनिर्भर के संकल्प के साथ राष्ट्र में सांस्कृतिक एकता और सकारात्मक चेतना का संदेश देगी। डॉ. मोनिका शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण और त्रेता में भगवान श्रीराम ने धर्म की स्थापना कीए उसी भाव के साथ यह यात्रा सनातन एकता का संदेश देगी। यात्रा 15 मई को सुबह 8 बजे पिंजरापोल गौशाला से रवाना होगी। इससे पूर्व महिलाएं गोविंद देव जी मंदिर में दर्शन कर ठाकुर जी का आशीर्वाद लेंगी। यात्रा के दौरान दौसा स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन, भजन-कीर्तन और सत्संग कार्यक्रम होंगे।

16 मई को अयोध्या धाम में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन सहित प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए जाएंगे। श्रद्धालु महिलाएं भगवान श्रीराम से देश में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की भावपूर्ण प्रार्थना भी करेंगी। इस दौरान सरयू आरती, गौसेवा, संत आशीर्वाद एवं महिला जागरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। 17 मई को महिलाएं प्रयागराज संगम एवं गोवर्धन महाराज के दर्शन कर जयपुर लौटेंगी।

# अपरा एकादशी पर आज जल विहार करेंगे गोविंद देवजी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अपरा एकादशी 13 मई को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्रद्धालु भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर व्रत रखेंगे तथा मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों का भी विशेष महत्व रहेगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार एकादशी तिथि 12 मई को दोपहर 2:52 बजे प्रारंभ हुई और 13 मई को दोपहर 1:30 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार अपरा एकादशी का व्रत बुधवार को रखा जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर में इस अवसर पर विशेष श्रृंगार और जल विहार उत्सव का आयोजन होगा। मंदिर में ठाकुरजी को लाल रंग की सूती पोशाक धारण कराई जाएगी तथा ऋतु पुष्पों और गोचारण लीला के आभूषणों से अलंकृत किया जाएगा। राजभोग झांकी में जल विहार की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी, जिसमें ठाकुर जी चांदी की कमलनुमा होदी में विराजमान होकर सुगंधित जलधारा में स्नान करेंगे। डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अधिकमास के कारण इस बार श्रद्धालुओं को एक ही मास में चार एकादशी व्रत रखने और दान-पुण्य करने का विशेष अवसर मिलेगा। इनमें अपरा एकादशी, पद्मिनी एकादशी, परमा एकादशी और निर्जला एकादशी प्रमुख हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रद्धा, नियम और भक्ति के साथ एकादशी व्रत करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है। उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी को सबसे कठिन और पुण्यदायी व्रत माना जाता है, जबकि अधिक मास में आने वाली पद्मिनी एकादशी का भी सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

# वन विभाग की टीम पर हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** बबाई पुलिस ने मंगलवार को वन विभाग की टीम पर हमला करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अवैध खनन रोकने गई टीम पर हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल को गांव कालोटा क्षेत्र में गौशाला के पास वन विभाग की भूमि पर अवैध खनन किए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम जांच के लिए गई थी। वन विभाग की टीम में सहायक वन संरक्षक कमलचन्द, हरेन्द्र भाकर, सहायक वनपाल पिंकू कुमार सहित अन्य कार्मिक शामिल थेए वहीं खनन विभाग की ओर से खनिज कार्यदेशक रमेशचन्द मय टीम मौके पर पहुंचे। संयुक्त टीम द्वारा रात्रि करीब 10 बजे मौके का निरीक्षण किया गया, आसपास के खनन पिट्स का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान करीब 10-12 व्यक्ति जिनमें नागरमल गुर्जर निवासी कालोटा, कालूराम गुर्जर निवासी कालोटा, प्रकाश गुर्जर निवासी सिलाटी की ढाणी हाल निवासी ननिहाल कालोटा, शैतान सिंह कालोटा, सुमेर निवासी सिलाटी की ढाणी हाल निवासी ननिहाल कालोटा व अन्य व्यक्ति थे, ने एकराय होकर राजकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए विभागीय टीम एवं राजकीय वाहनों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने खनन विभाग के राजकीय वाहन के शीशे तोड़ दिए तथा विभागीय कर्मचारियों के साथ मारपीट कीए जिससे कुछ कार्मिकों को चोटें आई। स्थिति गंभीर होने पर खनन विभाग की टीम मौके से रवाना हुई, जिनका आरोपियों द्वारा ब्लैक रंग की स्कॉर्पियो वाहन से पीछा भी किया गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस उपाधीक्षक खेतड़ी एवं थाना बबाई को दी गई, जिस पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा तथा विभागीय टीम को सुरक्षित थाना बबाई लाया गया। मामले को गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की तथा उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आरोपी नागरमल, कालुराम व जयचन्द उर्फशौतानसिंह को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल, एएसआई पप्पुराम, कांस्टेबल राजेश कुमार, सुगरसिंह आदि शामिल थे।

# कल जलापूर्ति रहेगी पूर्णतया बाधित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजगढ़-बूंगी पेयजल परियोजना के जल शोधन संयंत्र के जरूरी रखरखाव कार्य के चलते परियोजना से लाभान्वित होने वाले राजगढ़ शहर एवं समस्त गाँवों की जलापूर्ति 14 मई को पूर्णतया बाधित रहेगी। परियोजना की सहायक अभियंता रितु श्योराण ने बताया कि राजगढ़-बूंगी पेयजल परियोजना के जल शोधन संयंत्र के जरूरी रखरखाव कार्य यथा इलेक्ट्रिक फ ल्ट रिपेयर आदि के कार्य होने के कारण 14 मई को परियोजना के मुख्य हेडवर्क्स, तारानगर का शटडाउन लिया जाना प्रस्तावित है, जिस कारण 14 मई को एक दिन परियोजना से लाभान्वित होने वाले राजगढ़ शहर एवं समस्त गाँवो की जलापूर्ति पूर्णतया बाधित रहेगी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह जांबाजों को मिला कांस्टेबल ऑफ द मंथ का अवार्ड

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में मंगलवार को आयोजित विशेष समारोह में अप्रैल 2026 के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को कांस्टेबल ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सभी जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना को मजबूत करने में पुलिसकर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ अन्य पुलिसकर्मियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सम्मानित पुलिसकर्मियों में मोती डूंगरी थाने के कांस्टेबल बनवारी लाल शामिल रहे। जिन्होंने संगठित अपराध के मुख्य सरगना एवं पांच माह से फरार 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश आकाश बिलोनिया को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोपी के खिलाफविभिन्न थानों में करीब 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही वैशाली नगर थाने के कांस्टेबल दीपचंद को मॉर्निंग वॉक पर जा रही महिला से चेन स्नेचिंग करने वाले बदमाशों को पकड़वाने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी कुलदीप सोनी, आदिल कुरैशी और मोहम्मद मोईन को वारदात में प्रयुक्त कार और अपाचे बाइक सहित गिरफ्तार करवाया। वहीं आमेर थाने के कांस्टेबल विरेन्द्र कुमार ने आमेर महल आने वाले विदेशी पर्यटकों को परेशान करने वाले लपका गिरोह के खिलाफ कार्रवाई कर पर्यटकों को राहत दिलाई। वहीं विदेशी महिला पर्यटक से छेड़छाड़ मामले में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस की छवि मजबूत की। इसके अलावा शिप्रापथ थाने के कांस्टेबल राजू चौधरी ने मजबूत आसूचना तंत्र विकसित कर अप्रैल माह में 18 अपराधियों को गिरफ्तार करवाया तथा लंबे समय से फरार 48 स्थाई वारंटियों को पकड़कर मामलों का निस्तारण करवाया। यातायात पश्चिम में तैनात कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ने हाथोज स्टैंड पर ड्यूटी के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चल रहे संदिग्ध वाहन को पकड़कर कालवाड़ थाने में मामला दर्ज कराया और पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में कार्यरत कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार यादव को गोपनीय एवं महत्वपूर्ण पत्रों का समय पर ई-मेल और फैक्स के माध्यम से आदान-प्रदान सुनिश्चित करने तथा देर रात तक लगन से कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सम्मानित जवानों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# वेदात नर्सिंग सेंटर पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के सिंघाना में चिड़ावा रोड पर वेदांत नर्सिंग सेंटर पर आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिवस मंगलवार को केक काट कर मनाया गया। इस अवसर पर पंकज पारीक जिला ऑडिटर ने कहा कि नर्सों को उनके द्वारा दिए गए असाधारण योगदान, देखभाल और करुणा न केवल मरीजों को ठीक करती है, बल्कि उन्हें साहस भी प्रदान करती है। पूजा, प्रियका, करिश्मा, निरमा, किस्मत, मिनाक्षी, अनामीका, अंजु, मुकेश, मीना आदि छात्रों एव अभिषेक, अनिल गुर्जर, संदीप गुर्जर, नरेश कुमार सैनी, सुभाष, अजीत सिंह, दिनेश, अजय शर्मा, रमेश कुमार कीर्तन, हेमंत यादव, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।

# उप जिला अस्पताल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमओ डॉ. अक्षय शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अनुराधा निर्वाण, डॉ. संदीप डांगी थे जबकि अध्यक्षता नर्सिंग अधीक्षक विजयपाल सैनी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पीएमओ डॉ. अक्षय शर्मा ने कहा कि मेडिकल सेवाओं में बेहतर बनाने में सबसे बड़ा योगदान नर्सिंग कर्मचारियों का होता है। नर्सिंग कर्मचारी एक अस्पताल की रीड की हड्डी होते हैं, जिनके द्वारा पूरे अस्पताल का संचालन सुचारु रूप से किया जाता है। नर्सिंग के पेशे से जुड़े कर्मचारी सेवा और त्याग को समर्पित होकर काम करते हैं। कोरोना काल में इन कर्मचारियों ने अपने परिवार को छोड़कर आमजन की सेवा में अपना जीवन लगा दिया। इस दौरान कई कर्मचारियों ने सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति तक दे दीए लेकिन सेवा और त्याग का समर्पण नहीं छोड़ा। आज के समय में चिकित्सा सेवा में नर्सिंग कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो अस्पताल में आने वाले मरीजों की बीमारियों से लेकर उनके स्वस्थ होकर घर जाने तक की जिम्मेदारी वहन करते हैं। इस दौरान उपस्थिति कर्मचारियों ने नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटेंगल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान उपस्थि ओएत लोगों ने एक-दूसरे को नर्सिंग दिवस की बधाई देकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने चिकित्सा सेवाओं में अपनी बेहतर सेवाएं देने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर अनिल कुमार, सहीराम वर्मा, बाबूलाल, दयाकौर, सुनीता, मंजू वर्मा, अनुज, मंजू यादव, पूनम सैनी, सतीश मान, हेल्थ कोऑर्डिनेटर अजय सुरोलिया, मुनालाल, दीपक राणा, कपिल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# जलाशयों से पानी निकासी को लेकर दिए निर्देश

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मानसून से पहले नगर निकायों को दिए गए निर्देशों का असर फील्ड में देखने को मिल रहा है। सुजानगढ़ में मानसून की बारिश से पहले अधिकारियों की टीम फील्ड में उतरी है। नगरपरिषद के प्रशासक और उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार व नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने शहर की चापटिया तलाई, वाल्मिकी बस्ती तलाई, दुलिया तलाई का निरीक्षण किया, गेनाणी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी वर्मा ने सभी पंपों को निरन्तर चालू रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी नालों की सफाई के निर्देश भी दिए। कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने नगरपरिषद के सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश को कहा कि प्रयास किया जाए कि सभी तलाईयों का पानी मानसून से पहले खाली कर दिया जाए, ताकि शहर में पुन: जलभराव की स्थिति नहीं बने। आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि चापटिया तलाई पर खुले पड़े गड्ढ़े को कवर करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार इसी प्रकार एक सप्ताह तक मोटर लगातार चालू रखकर तलाई खाली करने के लिए कहा गया है। वाल्मिकी बस्ती स्थित तलाई की मोटर नए पंप हाउस में शिफ्ट करने के लिए कहा गया है। इस तलाई की सफाई के लिए 4.81 लाख के टेंडर प्रस्तावित कर दिए गए हैं, जो जल्द ही खुलेंगे। इसी प्रकार दुलिया तलाई के पंप हाउस में मोटर का टेंडर प्रस्तावित किया गया है, जो कि 14 मई को खोला जावेगा। नाथोतालाब पर निरीक्षण के दौरान पंप हाउस के पास 8 ईंच पाईप जोड़े जाने के लिए कहा गया है। यहां पर 12 ईंच की लाईन डल रही है। गेनाणी के दोनों मोटरों को कम से कम 12 घंटे चलाने के लिए कहा गया है तथा गणेश मंदिर के सामने स्थित नालों की सफाई के लिए सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान नगरपरिषद के सहायक नगर नियोजक उदय सिंह गुर्जरए सहायक अभियंता चारवीए राजस्व अधिकारी मुन्नालाल मीणा सहित नगरपरिषद के अनेक कार्मिक मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में हुई युवक की मौत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गनोडा सारोठिया रोड से चरला रोड पर सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिसको 108 से सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉ. कमल धानिया ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे तथा शव की शिनाख्त कानाराम 30 पुत्र गणपतराम जाट, निवासी प्रगति नगर सुजानगढ़ के रूप में हुई। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ओर अन्य की सहायता से मोर्चरी में शव रखवाया गया। सदर थाने के एएसआई छगनलाल मौके पर पहुंचे। परिजनों ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की रिपोर्ट पुलिस को दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# अणुव्रत समिति द्वारा पर्यावरण दिवस पर विशेष बैठक आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** अणुव्रत समिति द्वारा पर्यावरण दिवस पर विशेष स्थानीय महावीर चौक स्थित तेरापंथ भवन में अणुव्रत समिति नोखा की मासिक बैठक का आयोजन अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 5 जून पर्यावरण दिवस को संयम का पालन करते हुए एवं पर्यावरण की संरक्षण हेतु 2 घंटे एसी का उपयोग नहीं करने का अणु विभा द्वारा प्रायोजित अभियान को नोखा में भी चलाया जाएगा। मंत्री गजेंद्र पारख के अनुसार 5 जून को 2 से 4 बजे तक एसी का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया जाएगा व आम जन को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाकर संकल्प पत्र भरवाए जाएँगे। इसी प्रकार पर्यावरण दिवस से पूर्व अणुव्रत समिति नोखा के अधिक से अधिक सदस्यों के सहयोग से स्वच्छ नोखा हमारा अभिमान कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी, जिसमें चिह्नित सार्वजनिक स्थान के कचरे एवं गंदगी को साफकरने के अभियान का आगाज किया जाएगा। बैठक में हंसराज भूरा उपाध्यक्ष, इंदरचंद मोदी,, महावीर नाहटा, हरिकिशन शर्मा, राकेश छाजेड़ पर्यावरण विद, मनोज घीया, निर्मल चोपड़ा, संदीप चोरड़िया, अरुण भूरा, सुरेश बोथरा आदि उपस्थित थे। बैठक में अणुव्रत वाटिका, पॉलिथीन मुक्त नोखा, जीवन विज्ञान एवं कौशल प्रशिक्षण से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन दिनेश उपाध्याय ने किया।

# मधुमक्खियां हटाने के लिए टेंडर प्रस्तावित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मधुमक्खियो के छातों से शहर को निजात दिलाने के लिए नगरपरिषद ने टेंडर प्रस्तावित किए हैं। नगरपरिषद आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि शहर में विभिन्न जगहों पर मधुमक्खियों के छातों के कारण आम लोगों को हर वक्त खतरे का अंदेशा रहता है, जिसके चलते नगपरिषद ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए साल भर के लिए 2 लाख की राशि का टेंडर प्रस्तावित किया हैए जिसकी प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी।

# शिक्षा से ही दूर होगी कुरीतियां : मेघवाल



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मनोज मेघवाल ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में बढ़ता नामांकन शुभ संकेत है तथा शिक्षा ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रशासक सविता राठी ने भामाशाहों एवं राज्य सरकार के सहयोग से निर्मित विद्यालय भवन में टीन शेड की आवश्यकता बताते हुए विधायक से मांग रखी, जिस पर विधायक ने सहमति जताई। कार्यक्रम में पूजा मेघवाल, आरुषि, मोनिका, दीपिका, भगवती, सुमन, राधिका, ममता सहित बेगराज राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों विशाखा, नीतू भार्गव, लीछमी, खुशी, रुचिका, रेशमी, लक्ष्मी, निशा, अनुसुइया, अंकिता, रामचंद, मोनिका, कांता एवं निशा को अतिथियों द्वारा साफा, माला एवं पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया गया। समारोह में उप प्रशासक गणपतदास स्वामी, प्रिंसिपल केशरी सिंह, प्रिंसिपल भागीरथ गर्ग, बीरबल सिंह, पूर्व सरपंच रूपाराम खीचड़, हुकमाराम मंचासीन रहे। अतिथियों का स्वागत कैलाश, विक्रम, रेखाराम, मंगलाराम, दीपचंद, भींवाराम, झूमरमल, भागीरथ, चांदाराम, संजू, मनीराम, चतराराम, ओमप्रकाश प्रजापत, भागुसिंह ने साफा व माला पहनाकर किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी भंवरसिंह, कनिष्ठ सहायक ज्योति कच्छावा, नेमीचंद प्रजापत, शीतल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वस्ति वाचन कन्हैयालाल शर्मा ने किया।

# सोनी नर्सिंग कोचिंग सेंटर में धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सोनी नर्सिंग कोचिंग सेंटर तारानगर में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया एवं उनके सेवा भाव कार्य के लिए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के अतिथि डॉ विकास खत्री एवं उनकी टीम ने एएनएम एवं जीएनएम के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ खत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग सेवा मानवता की सबसे महत्वपूर्ण सेवाओं में से एक है तथा समर्पण, सेवा एवं संवेदनशीलता ही एक सफल नर्स की पहचान है। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक राजीव सोनी ने सभी अतिथियों, चिकित्सा टीम एवं विद्यार्थियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मार्गदर्शन देकर स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर योगदान हेतु प्रेरित करना संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में संस्था के अध्यापक विनोद, रोहित, नगेंद्र, विक्रम, प्रतीक, सरस्वती सहित प्रशिक्षणार्थी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# उचित अपील पर आपत्ति



प्रतिकूल परिस्थितियों में बचत का सुझाव देना अथवा किफायत बरतने की अपील करना कभी भी अनावश्यक नहीं हो सकता, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि विपक्ष को प्रधानमंत्री की इस सलाह पर आपत्ति है कि मौजूदा हालात में लोग पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में संयम बरतें, वर्क फ्राम होम की संस्कृति अपनाएं, विदेश यात्रा से बचें, सोना न खरीदें और देश में ही विवाह समारोह आयोजित करें। आखिर उन संसाधनों के उपयोग में किफायत क्यों नहीं बरती जानी चाहिए, जिनके आयात में विदेशी मुद्रा खर्च होती है? क्या यह किसी से छिपा है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते भारत समेत अधिकांश देशों के आयात बिल बढ़ रहे हैं और इसका बुरा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है? हर किसी को इससे परिचित होना चाहिए कि डालर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से अर्थव्यवस्था को दोहरा नुकसान हो रहा है।

यह नुकसान न बढ़ने पाए, इसके लिए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संसाधनों के संयमित उपयोग की जो सीख दी, वह सही समय पर दी गई एक उचित सलाह है। जब विपक्ष को इस पर आपत्तियां खड़ी करने के स्थान पर मौके की नजाकत समझनी चाहिए, तब वह ऐसी प्रतीति करा रहा है, जैसे प्रधानमंत्री लोगों को डरा रहे हैं या फिर अपनी असमर्थता बयान कर रहे हैं। राहुल गांधी समेत जो विपक्षी नेता प्रधानमंत्री की सही सलाह को उनकी नाकामी बता रहे हैं, उन्हें इससे परिचित होना चाहिए कि गाढ़े वक्त में जनता से संसाधनों के उपयोग में संयम बरतने का आग्रह पहले भी अनेक बार किया जा चुका है? उन्हें इससे भी अवगत होना चाहिए कि अमेरिका और ईरान में टकराव के चलते होर्मुज समुद्री मार्ग बंद होने से जो ऊर्जा संकट उपजा है, उसके नतीजे में पड़ोसी देशों समेत अधिकांश देशों में पेट्रोल और डीजल के मूल्य बढ़ाने पड़े हैं। क्या यह उल्लेखनीय नहीं कि भारत में अभी तक ऐसा करने की नौबत नहीं आई है? इसकी भी अनदेखी न की जाए कि कहीं-कहीं गैस की थोड़ी किल्लत अवश्य देखने को मिल रही है, लेकिन पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में कहीं कोई बाधा इसके बाद भी देखने को नहीं मिली है कि भारत में पेट्रो उत्पादों की खपत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ रही है। इससे यही पता चलता है कि तमाम चुनौतियों के बाद भी हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है। यह विचित्र है कि जनता को वस्तुस्थिति से अवगत कराने वाली प्रधानमंत्री की जिस अपील को औद्योगिक जगत सही मान रहा है, उसमें विपक्ष को खामी दिख रही है? इसे उसके दृष्टि दोष के अतिरिक्त और कुछ नहीं कहा जा सकता। विपक्ष को यह आभास होना चाहिए कि ऐसी अपील के केंद्र में आम लोगों के स्थान पर वे सक्षम लोग अधिक होते हैं, जो अपनी आर्थिक संपन्नता के चलते कई बार किफायत की चिंता नहीं करते?

## विशेष आलेख

# नई रक्षा तकनीक अपनाए भारत

**रूस यूक्रेन से दस गुना शक्तिशाली परमाणु महाशक्ति है, लेकिन चार साल लंबी लड़ाई के बावजूद यूक्रेन को नहीं झुका पाया है। अमेरिका ईरान से सौ गुना शक्तिशाली परमाणु महाशक्ति है, मगर दो महीनों के विनाशकारी हमलों के बावजूद ईरान को नहीं झुका पाया है। कारण शायद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के गत माह के उस दावे में छिपा है कि उनकी सेना के स्वायत्त रूप से काम करने वाले रोबोट वाहनों और ड्रोन प्रणाली ने एक रूसी मोर्चे पर कब्जा कर लिया और तीन रूसी सैनिकों को बंदी बना लिया। लगता है दुनिया फिर उस युग में प्रवेश कर रही है, जहां सेनाओं की जगह उनके शस्त्रास्त्रों का आपस में संग्राम हुआ करेगा।**



यूक्रेन इस समय रूसी सैनिकों, वाहनों और ठिकानों को नष्ट करने, युद्ध में फंसे सैनिकों को रसद पहुंचाने और घायल सैनिकों को निकालने के लिए स्वायत्त रूप से काम करने वाली रोबोट प्रणाली का प्रयोग कर रहा है। चार साल से चल रही लड़ाई में यूक्रेन के लगभग डेढ़ लाख सैनिक मारे जा चुके हैं, इसलिए वह रूस की सीमा पर 30 से 40 किमी चौड़ी पट्टी को ऐसे क्षेत्र में बदलना चाहता है, जहां स्वायत्त रोबोट और ड्रोन दुश्मन को देखते ही मार दें। पिछले साल जून में उसने सौ से अधिक ड्रोन के जरिये रूस में चार हजार किमी भीतर तक हवाई ठिकानों के एक तिहाई विमानों को नष्ट कर दिया था। ऐसे शस्त्रास्त्रों के विकास में रूस भी पीछे नहीं है।

यूक्रेन ने पिछले साल रूस का एक ऐसा ड्रोन पकड़ा था जो एआइ से चलने के कारण दुश्मन के ठिकानों की खुद टोह लगाकर नष्ट करने की क्षमता रखता था। इसे सामान्य ड्रोन की तरह संकेत लेने और भेजने की जरूरत नहीं थी, इसलिए उसे जाम भी नहीं किया जा सकता था। रूस के रक्षा उद्योग के बारे में यह धारणा रही है कि वह केंद्रीय नियंत्रण और सेना की संस्थागत परंपराओं की जकड़न में बंधा है, जहां कोई व्यापक परिवर्तन बड़ी मुश्किल से होता है। हालांकि यूक्रेन युद्ध की चोट ने उसके पारंपरिक सोच को बदल दिया है। इस क्रम में रूस ने शुरुआत ईरान के शाहीन ड्रोन से की थी, जिनमें परिष्कार करते हुए वह स्वायत्त रूप से काम कर सकने वाले ड्रोनों तक पहुंचा है। उसने एआइ और स्वायत्त शस्त्रास्त्रों के विकास के लिए अपने रक्षा अनुसंधान क्षेत्र को पूरी तरह खोल दिया है। निजी क्षेत्र के स्टार्टअप, प्रयोगशालाएं और यहां तक कि कुछ स्कूल भी ड्रोन और रक्षा उपकरणों में एआइ से स्वायत्त क्षमता के विकास में लगे हैं।

युद्ध के मैदान से हर रोज हजारों वीडियो आते हैं, जिनका आकलन कर उनकी जानकारी को ड्रोन और स्वायत्त वाहनों में भरा जाता है। स्वायत्त ड्रोनों और रोबोट वाहनों को मानवाधिकार कार्यकर्ता 21वीं सदी का परमाणु बम बताते हैं। इन स्वायत्त प्रणालियों के प्रयोग से जहां सैनिकों की जान का जोखिम कम होगा, वहीं आम नागरिकों की जान का जोखिम बढ़ सकता है, क्योंकि एआइ से काम कर रहा ड्रोन सैनिक और नागरिक में कैसे भेद कर पाएगा? लड़ रहे सैनिक और समर्पण कर रहे सैनिक में कैसे भेद कर पाएगा? रूस तो यह सब चार साल से चल रही लड़ाई जीतने के लिए बना रहा है, क्योंकि उसे यूक्रेन के नागरिकों को होने वाले नुकसान की परवाह नहीं है, लेकिन यूरोप, अमेरिका और भारत जैसे देशों को स्वायत्त प्रणालियों के जोखिम पर भी विचार करना होगा।

इसके बावजूद अमेरिका पूरे जोश के साथ स्वायत्त रक्षा प्रणालियों के विकास में जुटा है। चूंकि उसने ईरान के साथ हुए युद्ध में ड्रोन की मारक क्षमता देख ली है, इसीलिए युद्ध मंत्री पीटर हेगसेथ का कहना है कि अमेरिका को एआइ की सबसे बड़ी सामरिक शक्ति बनना है। इसे ही ध्यान में रखते हुए पेंटागन ने एआइ विकास में अग्रणी गूगल, ओपनएआइ, एमेजान, माइक्रोसाफ्ट, स्पेसएक्स, ओरेकल और एनवीडिया जैसी कंपनियों के साथ कदमताल शुरू की है। ड्रोन विकास के लिए संभवतः उसे यूक्रेन से ही मदद लेनी होगी, जो इस समय ड्रोन विकास के मोर्चे पर बहुत ऊंचे पायदान पर है। हाल में उसने मार्शियन नाम के स्वायत्त ड्रोन का परीक्षण शुरू किया है, जो 300 किमी प्रति घंटे की गति से उड़ता है और ड्रोन टोही रडारों की पकड़ में भी नहीं आता। भारत का रक्षा तंत्र भी शस्त्रास्त्र खरीद या विकास की संस्थागत परंपराओं से बंधा है। नए शस्त्रास्त्रों का परीक्षण कर सेना के सभी अंगों से सामंजस्य बिठाने में समय लगता है, जबकि स्वायत्त रोबोट और ड्रोन प्रणालियों का विकास इतनी तेजी से हो रहा है कि कुछ महीनों के भीतर ही उनकी काट तैयार हो जाती है और उनके नए परिष्कृत रूपों का विकास करना पड़ता है। इसलिए इस होड़ में आगे बने रहने के लिए रक्षा कंपनियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र और स्टार्टअप की प्रतिभाओं का सहयोग लेना भी जरूरी है। उनके सहयोग से ही चीन रोबोट मानवों के विकास में दुनिया में सबसे आगे निकल गया है। पिछले महीने बीजिंग में हुई मानव और रोबोट धावकों की 21 किमी लंबी मैराथन दौड़ में चीनी मोबाइल कंपनी के रोबोट मानव लाइटनिंग ने विश्व रिकार्ड सात मिनट से तोड़ दिया।

भारत के लिए स्वायत्त रोबोट और ड्रोन तकनीक में बढ़त पड़ोसी देशों में आतंकवाद के अड्डों से निपटने में भी मददगार बनेगी। जरूरत पड़ने पर स्वायत्त रोबोट और ड्रोन प्रणाली की मदद से करोड़ों डालर के लड़ाकू विमानों और प्रशिक्षित पायलटों को जोखिम में डाले बिना आपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि रक्षा विशेषज्ञ यह चेतावनी भी देते हैं कि यदि इस तरह के स्वायत्त ड्रोन और रोबोट आतंकी संगठनों के हाथ पड़ जाएं तो ये गंभीर समस्या भी बन सकते हैं।

इसलिए इनसे बचाव के लिए तैयार हो रहे अस्त्रों के विकास पर भी उतना ही ध्यान देने की जरूरत है। इजरायल, ब्रिटेन और अमेरिका ने ऐसी लेजर गन का विकास किया है जो एक किमी की दूरी से ही ड्रोन को मार गिरा सकती हैं और वे पेट्रियट और एस-400 जैसी मिसाइल रक्षा प्रणालियों की तुलना में बेहद सस्ती हैं, लेकिन इसका दूसरा पक्ष भी है कि एक तो ये कोहरे और बरसात में उतनी कारगर नहीं रहतीं, दूसरे निशाना चूकने या छिटकने पर विमानों और उपग्रहों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए ड्रोन रक्षा पर अभी और बहुत काम होना बाकी है।

## आज का राशिफल

### मेष

किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### वृष

डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है।

### मिथुन

स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

### कर्क

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### सिंह

कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कन्या

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

### तुला

तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी। घर में मांगलिक कार्य हो सकता है।

### वृश्चिक

चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### धनु

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

### मकर

विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

### कुंभ

मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

### मीन

यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए ऐसे करें कोकोनट ऑयल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल

बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए लोग तमाम तरह के शैंपू और हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन मार्केट में मौजूद ज्यादातर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं और इनका इस्तेमाल बालों के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। बालों की अच्छी केयर के लिए प्राकृतिक और हर्बल चीजों का इस्तेमाल ज्यादा फायदेमंद होता है। बालों के अच्छे विकास के लिए नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इन तीनों चीजों में मौजूद गुण और पोषक तत्व बालों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। शहद का इस्तेमाल करने से आपके बालों से जुड़ी कई गंभीर परेशानियां दूर होती हैं। इसके अलावा नारियल तेल और एलोवेरा में विटामिन ई समेत कई अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए भी बहुत उपयोगी होते हैं।



### बालों की ग्रोथ बढ़ाने में उपयोगी

बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए नारियल तेल, शहद और एलोवेरा का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इनमें विटामिन ई, प्रोटीन समेत एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। नियमित रूप से इन तीनों चीजों से बना हेयर मास्क या हेयर पैक लगाने से आपके बालों की ग्रोथ बहुत तेजी से बढ़ती है।

### बालों को सिल्की बनाने में फायदेमंद

नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बालों को सिल्की और शाइनी बनाने में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इन चीजों में कंडीशनिंग गुण होते हैं, जो बालों के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं।

### बालों को मजबूत बनाने में फायदेमंद

बालों को हेल्दी बनाए रखने और समस्याओं से बचाने के लिए एलोवेरा और नारियल तेल का इस्तेमाल पुराने समय से किया जा रहा है। नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल करने से आपके बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है। इसका इस्तेमाल बालों को मजबूत बनाने का कम करता है।

### डैंड्रफ से दिलाए छुटकारा

डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से सीबम को कम करने में बहुत फायदा मिलता है और स्कैल्प को अच्छी तरह से साफ करता है।

# लाइट जलाकर सोने की आदत सेहत पर पड़ सकती है भारी, इन बीमारियों का बढ़ जाता है खतरा

हमारे आसपास कई लोगों को रात में लाइट जलाकर सोने की आदत होती है। जिसका मुख्य कारण अंधेरे से लगने वाला डर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाइट ऑन करके सोना आपकी सेहत पर बेहद हानिकारक असर डालता है। आपको बता दें कि यहां पर हम बात सिर्फ रूम लाइट की नहीं बल्कि आपके टीवी या लैपटॉप की रोशनी की भी कर रहे हैं। इन सब की रोशनी आपके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। साल 2022 में हुए एक स्टडी के मुताबिक, लाइट की रोशनी में सोने वाले लोगों ने बताया कि उन लोगों ने अच्छी नींद ली। लेकिन मस्तिष्क की रिकॉर्डिंग करने से सामने आया कि उन्होंने बहुत कम गहरी नींद ली है।

बता दें कि गहरी नींद लेना संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। लाइट जलाकर सोने वाले लोगों में मेटाबॉलिज्म और हार्ट पर प्रभाव होने की अधिक संभावना रहती है। इसके अलावा ऐसे लोगों के ब्लड सैंपल से पता चला कि कमरे की रोशनी में एक रात सोने से प्रतिभागियों के इंसुलिन प्रतिरोध में इजाफा हुआ है।



**मोटापे का खतरा :** महिलाओं पर किए गए अध्ययन से सामने आया है कि रूम लाइट या टीवी ऑन करके सोने वाले लोगों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। वहीं ऐसा करने वाले लोगों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है। लाइट बंद कर सोने वाले लोगों को इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं मोटापे के खतरे से कई गंभीर बीमारियों को भी बुलावा मिलता है। इसलिए अगर आप भी लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको भी अपनी इस आदत को जल्द ही छोड़ना चाहिए।

**डिप्रेशन :** इसके अलावा रात में लाइट जलाकर सोने से अवसाद यानि की डिप्रेशन का जोखिम बढ़ जाता है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली तेज नीली लाइट आपके मूड और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। बता दें कि लाइट नींद की कमी से संबंधित है। लाइट जलाकर सोने से मूड स्विंग होने और स्वभाव में चिड़चिड़ापन पैदा कर सकती है। साथ ही आपको अवसाद का भी सामना करना पड़ा सकता है। इसलिए नींद के दौरान लाइट जलाने से बचना चाहिए।

**ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना :** रात में सोने के दौरान लंबे समय तक लाइट को जलाकर रखने से आपका ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। इससे आपको डायबिटीज और इंसुलिन प्रतिरोध होने का खतरा बना रहता है। इसलिए कोशिश करें कि इस आदत को जल्दी छोड़ा जा सके। क्योंकि नींद का सीधा संबंध हमारी सेहत से होता है। लाइट शरीर के सिस्टम को डिस्टर्ब करने का काम करती है। जिससे कि आपकी बॉडी में बायोमैकेनिकल बदलाव होने लगते हैं। इस दौरान आपको हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज होने का खतरा रहता है।

**अपनाएं ये उपाय :** अगर आपको लाइट के बिना नींद नहीं आती है तो आप नॉर्मल लाइट के बजाय लाल रंग के बल्ब का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक रिसर्च में पाया गया है कि अन्य रंगीन बल्बों के समान लाल नाइट बल्ब मेलाटोनिन उत्पादन पर हानिकारक प्रभाव नहीं डालते हैं। लेकिन इसका भी लंबे समय तक इस्तेमाल किए जाने से बचना चाहिए। साथ ही अगर आप सेहत संबंधी किसी भी समस्या से परेशान है तो आप डॉक्टर की भी सलाह ले सकते हैं।

# लिवर के लिए जहर का काम करता है अल्कोहल

लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। यह केवल 2-4 नहीं बल्कि पूरे 500 फंक्शन को करने के लिए जिम्मेदार होता है। इसलिए लिवर के खराब होने पर यह हमारे शरीर के लगभग सभी हिस्सों को प्रभावित करता है। वहीं अल्कोहल लिवर को तेजी से सड़ाने का काम करता है। जरूरत से ज्यादा मात्रा में अल्कोहल का सेवन करने से लिवर में फैट जमा होने लगता है। इसी कारण से सिरोसिस, अल्कोहलिक हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां घेर लेती हैं। शराब के अलावा खराब खानपान और अनियमित जीवनशैली भी लिवर को डैमेज करने काम करते हैं। बता दें कि लिवर खुद से ठीक भी होता है। लेकिन इसके लिए जरूरी होता है कि शराब आदि का सेवन बंद कर दिया जाए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन लक्षणों के बारे में बताएंगे, जिन्हें समय रहते पहचान कर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।



**अल्कोहल से लिवर को नुकसान :** अल्कोहल से होने वाले लिवर के नुकसान के संकेतों को लोग अक्सर गलत समझ लेते हैं, जिसके कारण अधिकतर मामलों में गंभीर बीमारी का पता देर से चलता है। आपको बता दें कि इन संकेतों में ये लक्षण शामिल हैं: 1- पेट में दर्द रहना 2- अक्सर थकान रहना 3- उल्टी 4- बीमार महसूस करना 5- दस्त 6- भूख नहीं लगना।

### लिवर सड़ने के लक्षण

अल्कोहन के सेवन से आपका लिवर सड़ चुका है तो इसका सीधा असर आपके शरीर पर दिखता है। जब भी आपको अपने शरीर में ये लक्षण दिखने लगें तो आपको समझ जाना चाहिए है। अब शराब पीने पर कंट्रोल करने की जरूरत है। 1-पीलिया 2-पैरों, टखने और पेट पर सूजन 3- 3-बुखार और कांपना 4-स्किन पर खुजली और बालों का झड़ना 5-तेजी से वजन कम होना 6-कमजोरी महसूस होना 7-भ्रम और याद्दाश्त कमजोर होना 8-नींद न आना 9-उल्टी में खून आना 10-काले रंग का शौच 11-शराब पीते ही सेंसिटिविटी का बढ़ना।

# माटी कला राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा : टाक

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड, राजस्थान के गवर्निंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को उद्योग भवन स्थित बोर्ड रूम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने की। बैठक में माटी कला से जुड़े कारीगरों के उत्थान, उनके कौशल संवर्धन और विपणन के अवसरों को बढ़ाने को लेकर कई अहम प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान राज्य में परंपरागत आवा-कजावा माटी कला के संरक्षण, कारीगरों की आजीविका में वृद्धि, ग्रामीण रोजगार सृजन, पर्यावरण अनुकूल उत्पादन प्रणाली को बढावा देने एवं राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ करने के उदेश्य से आवा-कजावा प्रोत्साहन नीति बनाए जाने को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। इसी तरह उद्योग भवन में माटी कला की विभिन्न विधाओं एवं कलाकृतियों के सजीव प्रदर्शन लाइव डेमोंस्ट्रेशन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बोर्ड का मानना है कि इससे न केवल आमजन को पारंपरिक कला से जुड़ने का अवसर मिलेगा, बल्कि कारीगरों को भी अपनी कला का प्रदर्शन कर सीधे बाजार से जुड़ने का मंच मिलेगा। इसके अलावा माटी कामगारों को श्रमिक श्रेणी में शामिल कर श्रमिक कार्ड जारी करने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिससे उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, बीमा, पेंशन एवं अन्य सरकारी लाभों का सीधा फायदा मिल सके। यह कदम कारीगरों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में माटी कला से जुड़े कलाकारों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए पांच हजार इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनें उपलब्ध कराने पर भी विचार-विमर्श हुआ। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और कारीगरों का श्रम कम होगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि की संभावना है। विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनिटी मॉल में माटी कला उत्पादों के लिए स्थान उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी चर्चा में रहा। इससे कारीगरों को अपने उत्पादों के लिए स्थायी बाजार मिलेगा और उनके हस्तशिल्प को व्यापक पहचान मिल सकेगी। साथ ही माटी कला के विकास के लिए बिचून में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने हेतु भूमि आवंटन के विषय पर भी गंभीरता से विचार किया गया। यह केंद्र प्रशिक्षण, अनुसंधान और नवाचार का प्रमुख हब बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगा। बैठक को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने कहा कि माटी कला राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है, जिसे संरक्षित और प्रोत्साहित करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कारीगरों के कल्याण और उनकी कला को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में उठाए गए सभी प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि माटी कला से जुड़े हजारों परिवारों को इसका सीधा लाभ मिल सके। टाक ने यह भी कहा कि पारंपरिक कला को आधुनिक बाजार से जोड़ना ही कारीगरों के आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है।

## सम्मान समारोह आयोजित



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शेखावाटी योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय की प्रो. डॉ. विनोद कस्वां थी। विशिष्ट अतिथि भानुज कस्वां थे। इस अबसर पर गत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले योग विद्यार्थियों को सम्म्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट के रूप में कृष्णा शर्मा, बेस्ट परफॉर्मर आकाश नेहरा और व्यक्तिगत स्पर्धा में सरजीता को चुना गया। अतिथियों ने सभी को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूजा, अंजलि, प्रेमलता सोनी, सुमन, मंजू, राहुल झाझड़िया, आजाद सिंह, विवेक जांगिड़, शुभम छाबा, भावना, बबिता, सरिता शर्मा, मोनिका, निशा, पूनम ओला, करीना, आरती, पिंकी, नीकिता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सिंह भाटी ने किया।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, सचिव महोदय एजिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के निर्देशानुसार शहिद शक्ति सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हडियाल में मंगलवार को बाल अधिकार एवं बालपन का कानूनी संरक्षण विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने किया इस शिविर में बच्चों को जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया बाल अधिकारों की जानकारी दि बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों से शिक्षा स्वास्थ्य विकास और संरक्षण के अधिकारों के बारे में बताया गया कानूनी प्रावधान बाल श्रम बाल विवाह है किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध बने कानूनो की सरल भाषा में जानकारी दी ताकि बच्चे अपने सुरक्षा प्रति सजग रहे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 बच्चों का विशेष रूप से चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताया गया उन्हें समझाएं किसी प्रकार की सुरक्षा आपातकाल की स्थिति में हुए टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं इसकी मदद 24 घंटे उपलब्ध रहती है। कार्यक्रम में स्कूल का सभी स्टाफतथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दो स्मार्ट बोर्ड छात्राओं को समर्पित



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय राजकीय भींवसरिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक-एक लाख रूपये के दो स्मार्ट बोर्ड का विधिवत उद्घाटन कर छात्राओं को लोकार्पित किये गये। विद्यालय की प्राचार्य शीतल मिश्रा ने बताया कि भामाशाह छत्तरसिंह बैद के सौजन्य सहयोग से और विद्यालय की शिक्षिका सुधा जांगिड की प्रेरणा से मिले इन स्मार्ट बोर्ड का फीता काट कर उद्घाटन एक सादे समारोह में साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि स्मार्ट बोर्ड यानि डिजिटल बोर्ड के उपयोग से विद्यालय में शिक्षण और प्रस्तुतीकरण को इंटरैक्टिव, आकर्षक और आधुनिक बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सहायक अभियंता राजेंद्र प्रजापत, प्रमिला राठी और शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिरधीचंद प्रजापत ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफसुधा जांगिड, सविता फुलवारियां, हीराराम मेघवाल, सुमित्रा ढाका, सरोज मीणा, प्रियंका शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, गोविंद शर्मा आदि ने आगन्तुको का स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन व आभार प्रदर्शन विद्यालय की प्राचार्य शीतल मिश्रा ने किया।

## आसमान से बरसी राहत की बूंदें

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** भीषण गर्मी की मार झेल रहे चूरू जिले के लोगों को मंगलवार शाम बड़ी राहत मिली। पिछले कई दिनों से जिले में तापमान 45 डिग्री के आसपास बना हुआ था, जिससे आमजन बेहाल थे। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा था। दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही थीं और लोग घरों में कैद रहने को मजबूर थे। इसी बीच शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश ने पूरे जिले में मौसम को सुहाना बना दिया। बारिश की बूंदों के साथ चली ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई। कई जगह लोगों ने घरों की छतों और गलियों में निकलकर बारिश का आनंद लिया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। लंबे समय से गर्मी से परेशान जिलेवासियों ने राहत की सांस ली। किसानों के चेहरे पर भी खुशी नजर आईए वहीं बच्चों और युवाओं ने बारिश का जमकर आनंद उठाया। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव बना रह सकता है।

## श्मशान भूमि के रास्ते में सफाई को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

निसं



**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** नगरपालिका दांता के सार्वजनिक श्मशान भूमि के जाने वाले रास्ते पर फैले कचरे तथा रास्ते में गंदगी फैलाने वाले लोगों को पाबंद करने को लेकर दांता के वार्डवासियों ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी भूपेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस रास्ते में साफ-सफाई करवाने के लिए कहा। इस पर अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि जल्दी ही इस समस्या का निस्तारण कर दिया जायेगा तथा गंदगी फैलाने वाले को पाबंद किया जायेगा। इस दौरान संबंधित वार्डवासी मौजूद रहे।

## प्राचीन पीपल वृक्ष काटने को लेकर गौरक्षा दल व लोगों ने किया विरोध-प्रदर्शन

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** कस्बे में राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, तारानगर के पास स्थित प्राचीन पीपल वृक्ष को काटने को लेकर गौरक्षा दल व वार्ड के लोगों ने मंगलवार को विद्यालय के आगे विरोध-प्रदर्शन किया। गौरक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल जांगिड़ ने बताया कि तारानगर कस्बे के वार्ड 3 में स्थित राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के पास करीब 150 वर्ष पुराना एक अत्यंत प्राचीन पीपल वृक्ष है। यह वृक्ष स्थानीय नागरिकों की आस्था सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यावरणीय संतुलन का प्रमुख केंद्र है। वर्षों से यह वृक्ष आमजन को छाया शुद्ध वायु एवं धार्मिक आस्था का आधार प्रदान करता आया है। हाल ही में विद्यालय की एसडीएमसी की बैठक में कुछ व्यक्तियों की ओर से उक्त पीपल वृक्ष को हटाने का प्रस्ताव रखा गया। जबकि एसएमडीसी केवल विद्यालय के शैक्षणिक एवं विकास कार्यों तक सीमित अधिकार रखती है। विद्यालय परिसर के बाहर स्थित किसी प्राचीन, धार्मिक एवं सार्वजनिक महत्व की धरोहर पर निर्णय लेने का उसे कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है। अतः इस प्रकार का निर्णय पूर्णतः अधिकार क्षेत्र से बाहर, अवैध एवं असंवैधानिक प्रतीत होता है। लोगों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए तहसीलदार हनुमान सिंह मौके पर पहुंचे। गौ रक्षा दल व लोगों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर उक्त प्राचीन पीपल वृक्ष को तत्काल संरक्षण प्रदान करने व इस गैरकानूनी निर्णय के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। इस मौके पर गौरक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल जांगिड़, महंत कृष्णगिरी महात्मा, पवन सैनी, विनोद दम्मीवाल, राकेश टाक, अशोक जांगिड़, देवकरण कल्ला, महेश चन्गोईवाला, बाबूलाल सैनी आदि सदस्य तथा वार्ड के अनेक लोग मौजूद थे।

## बेटी के जन्मदिन पर राजकीय विद्यालय में अलमारी भेंट



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** समाजसेवी संस्था हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पड़िहारा में एक अलमारी भेंट की। समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपनी पुत्री नीतू दाधीच के जन्मदिन पर यह अलमारी भेंट की और विद्यालय के सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित की। संस्था प्रधान मदनलाल कुल्हरि की अध्यक्षता में इस मौके पर मुख्य अतिथि शर्मा ने शिक्षा को विकास की धुरी बताते हुए सभी से इस क्षेत्र में यथाशक्ति सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और बालिका शिक्षा पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि विमल सुराणा ने दान को सर्वोपरि बताया। संस्था प्रधान कुल्हरि ने भामाशाहों के सहयोग की सराहना करते हुए अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के सोमवीर, श्रीगोपाल, महिपाल महर्षि, सांवरमल पारीक, अंजू शर्मा, संतोष, सुमन, सुरजाराम ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन हिमांशु नाथोलिया ने किया।

## राष्ट्रीय श्रीराम सेना ने शुरू किया परिंडे लगाओ अभियान




निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** भीषण गर्मी के बीच पक्षियों के संरक्षण एवं जीव सेवा के उद्देश्य से राष्ट्रीय श्रीराम सेना चूरू-राजलदेसर परिवार की ओर से परिंडे लगाओ अभियान की शुरुआत भगवती भद्रकाली शक्ति पीठ राजलदेसर में अभियान का शुभारंभ दंडी स्वामी जोगेंद्र आश्रम महाराज, अवधूत स्वामी विश्वेंद्र आश्रम दंडी स्वामी वीरेंद्र आश्रम महाराज एवं ज्योतिष विद्वान खीवराज शर्मा के सान्निध्य में हुआ। कार्यक्रम के दौरान संतों ने जीव सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए आमजन से गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी एवं दाना उपलब्ध करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, प्रतिष्ठान एवं सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाने चाहिए।

अभियान के तहत पहले दिन 151 परिंडे वितरित किए गए, जबकि आगामी दिनों में 1151 परिंडे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय श्रीराम सेना चूरू जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह गोविंद सोनी, विशाल भार्गव, विनोद पारीक हर्ष पांडे, एडवोकेट जितेंद्र सिंह, मनोज पांडे, नरेंद्र पारीक, हिमांशु स्वामी, जिला मीडिया प्रभारी, दीपांशु पांडे एपंकज शर्मा आबड़सर ग्राम अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष सुपेंद्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उप जिला अस्पताल में मनाया नर्सिंग दिवस

निसं



**चिड़ावा (नवयत्न)।** राजकीय उप जिला अस्पताल में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल के पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़ ने की। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग दिवस के महत्व और इसके गौरवमयी इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। समारोह में पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़ ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नर्सेज की भूमिका बेहद खास होती है। वे अपने सेवाभाव और समर्पण से मरीजों को नया जीवन प्रदान करते हैं। बीसीएमओ डॉ. संत कुमार जांगिड़ ने कहा कि समाज के स्वास्थ्य ढांचे में नर्सिंग स्टाफ एक मजबूत स्तंभ की तरह है। इस दौरान नर्सिंग अधीक्षक रण सिंह डैला और फार्मासिस्ट बूटी राम ने भी नर्सिंग प्रोफेशन की गरिमा और कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. अनिता पायल, डॉ. सतीश भगासरा, डॉ. टीना ढाका, डॉ. जेपी धायल, डॉ. मनोज जानू और डॉ. अनिता पायल सहित अस्पताल के कई वरिष्ठ चिकित्सक और नर्सिंगकर्मी मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने नर्सिंग स्टाफ द्वारा दी जा रही निरंतर सेवाओं की सराहना की।

## गौशाला में 25 हजार की दवाईयां प्रदान की



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** देवकिशन स्मृति सेवा समिति द्वारा ग्राम पायली स्थित जय मां करणी गौशाला में घायल व दुर्घटनाग्रस्त गौवंश के उपचार हेतु आवश्यक 25 हजार मुल्य की दवाईयां व सर्जीकल सामग्री प्रदान की गयी। गौशाला समिति के अध्यक्ष सुपेन्द्र सिंह राठौड़ ने समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके निरन्तर चारे व दवाओं के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। समिति के सदस्यों व बैंगलोर प्रवासी राजेश दुगड़ ने सपत्नीक गौवंश को गुड़ खिलाया व मौके पर दुर्घटनाग्रस्त गौमाता के किए जा रहे उपचार को भी देखा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी, सीताराम दाधीच, देवेन्द्र यादव, नरोत्तम लाल सोनी, सांवरमल जांगीड़, दिनेश भाटी, अशोक यादव, ऋषभ यादव, चौरू राम व गौशाला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## युवा परिषद परिवार का स्वर्ण जयंती दीक्षापथ महोत्सव आयोजित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद प्रतापनगर सम्भाग के तत्वावधान में प्रतापनगर सेक्टर-10 स्थित मोहनलाल चंद्रावती चैरिटेबल ट्रस्ट भवन में मंगलवार को युवा परिषद का 50वां स्वर्ण जयंती दीक्षापथ महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आर्यिका शिरोमणी 105 ज्ञानमती माताजी के जीवन, वैराग्य और दीक्षापथ पर आधारित भव्य नाटिका का मंचन किया गया, जिसे उपस्थित समाजबंधुओं ने सराहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ भामाशाह समाजरत्न सुनील-मुनिया सौगानी परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। परिषद अध्यक्ष अनिल पाटनी ने बताया कि परिषद की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर इस आयोजन को स्वर्णिम उत्सव के रूप में मनाया गया। समारोह में राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं डॉ. राजीव-अंजू जैन, मनीष वैद, राजेन्द्र सौगानी, धीरज पाटनी, निर्मल जैन, शगुन जैन, अजित जैन, अशोक जैन नेता, भागचंद-कांता देवी पाटनी, दिलीप जैन, विमल जैन बज, चेतन-मीनू जैन निमोडिया, जिनेन्द्र जैन जीतू, राजूलाल जैन पलई और अमित जैन केकड़ी सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम में युवा परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री दिलीप जैन को सेवापथ पुरोधा योद्धा सम्मान से नवाजा गया, जबकि विनोद जैन कोटखावदा को श्सेवापथ शिरोमणी सम्मान प्रदान किया गया।

## शेखावाटी रेल संघर्ष समिति का विस्तार, बड़े आंदोलन की तैयारी




संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ सदस्य चन्द्र प्रकाश धूपिया को सलाहकार मण्डल प्रमुख तथा समिति के सक्रिय कार्यकर्ता फैयाज अहमद खान नूआं को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही 31 सदस्यीय संरक्षक मण्डल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ तथा सतर्कता एवं जागरूकता प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान को गति देने के लिए आगामी समय में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसके तहत जिले के मंडावा, बिसाऊ, मलसीसर, मण्ड्रेला, पिलानी, चिड़ावा, सिंघाना, सूरजगढ़, बुहाना, खेतड़ी, जसरापुर, चनाना, सुलताना, बगड़, इस्लामपुर, उदयपुरवाटी, गुढ़ा, नवलगढ़ एवं मुकुन्दगढ़ सहित विभिन्न कस्बों में गैर-राजनीतिक व्यक्तियों को नगर मण्डल अध्यक्ष नियुक्त कर 25-25 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित की जाएगी। अग्रवाल ने आगे बताया कि शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक वार्ड से 50 पुरुष एवं 50 महिलाओं को समिति से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

## चोरी के मामले में कार्रवाई, आरोपी के कब्जे से 4 लाख के सोने कंगन बरामद

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को चोरी के मामले में कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार लाख रुपए के चोरी किए गए सोने के कंगन बरामद किए हैं। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 12 जनवरी को शीला निवासी वार्ड 19 ने रिपोर्ट दी कि 11 जनवरी को सुबह 8:30 पर घर के ताला लगाकर जयपुर गई थी। शाम के समय करीब 7 बजे घर पर वापस आई और मेन गेट का ताला खोलकर मकान में श गई तब देखा दोनों कमरों के ताले टुटे हुए थे, सीसीटीवी कैमरे टुटे हुए थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैड मे रखे नकद रुपये व अलमारी मे रखे जेवरात चोरी कर लिये तथा कमरो मे तोडफोड कर डीवीआर भी चोरी कर ले गया। पुलिस ने तकनिकी की सहायता से काफी प्रयास के बावजुद आरोपी सोमवीर ऊर्फमोटू पुत्र रोहिताश्व निवासी चेलापुरी खेतडी को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी के कब्जे से करीब दो लाख रूपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात व 90 हजार रूपये नकदी, चोरी किये गये रूपये से खरीदा हुआ कीमती मोबाईल फोन बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने के कंगन कीमत करीब 04 लाख रूपये के और बरामद किए गए। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा ओर भी वारदातें खुलने की संभावना है। कस्बे में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा करने में एचसी चोखाराम व कांस्टेबल राजवीर सिंह की विशेष भूमिका रही है।

# सोने से पहले चेहरे के लिए फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन

## स्किन हो जाएगी सॉफ्ट और ग्लोइंग

सभी महिलाएं और पुरुष ग्लोइंग, सॉफ्ट फेस की चाहत रखते हैं। लेकिन कुछ लोगों की स्किन काफी ड्राय और डल नजर आती है। ड्राय फेस से छुटकारा पाने के लिए लोग सुबह मॉयश्चराइजर जरूर लगाते हैं, लेकिन रात को चेहरे की देखभाल करना जरूरी नहीं समझते हैं। अगर आप भी ऐसा ही करते हैं, तो थोड़ा संभल जाइए। क्योंकि सुबह की तरह ही चेहरे को रात में भी देखभाल की जरूरत होती है। खासकर रूखे और बेजान चेहरे को नाइट स्किन केयर की जरूरत पड़ती है। एक प्रॉपर नाइट स्किन केयर रूटीन फॉलो करके आप ग्लोइंग, सॉफ्ट और निखरी स्किन पा सकते हैं।

### सीरम अप्लाई करें

चेहरे पर सीरम लगाने से स्किन की कई प्रॉब्लम्स दूर हो जाती हैं। आप अपनी स्किन प्रॉब्लम के अनुसार सीरम चूज कर सकते हैं। जैसे एंटी एक्ने, एंटी एजिंग या फिर ऑयल कंट्रोल सीरम। ड्राय स्किन से छुटकारा पाने के लिए आप रात को हाइड्रेटिंग सीरम अप्लाई कर सकते हैं।

### ड्राय स्किन के लिए मॉयश्चराइजर है जरूरी

वैसे तो सभी स्किन टाइप को मॉयश्चराइज करने की जरूरत पड़ती है, लेकिन ड्राय स्किन वालों के लिए मॉयश्चराइज अधिक जरूरी हो जाता है। इसके लिए आप पोषक तत्वों से भरपूर ऑयल का यूज कर सकते हैं। इससे स्किन रिपेयर होगी, डैमेज होने से बचेगी। साथ ही आप चाहें तो हयाल्यूरोनिक एसिड युक्त नाइट क्रीम भी लगा सकते हैं। यह स्किन को अच्छी तरह से मॉयश्चराइज करता है।

### आई क्रीम भी लगाएं

कई लोगों को लगता है कि सिर्फ चेहरे को मॉयश्चराइज करना ही काफी है। लेकिन आंखों के आस-पास के एरिया को भी मॉयश्चराइज करना जरूरी होता है। क्योंकि आंखों के आस-पास की स्किन काफी पतली होती है, इस एरिया पर रिंकल्स जल्दी पड़ जाते हैं। इसलिए इसके लिए आपको आई क्रीम भी जरूर अप्लाई करनी चाहिए।

### मेकअप रिमूव करें

चेहरे से सुबह का मेकअप हटाना नाइट स्किन केयर रूटीन का पहले स्टेप होता है। इसके लिए आप मिसेलर वॉटर, माइल्ड मेकअप रिमूवर और गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं। मेकअप रिमूव करने से स्किन अधिक ड्राई होने से बचती है।


### चेहरे की सफाई है जरूरी

मेकअप रिमूव करने के बाद चेहरे की सफाई करना जरूरी होता है। इसके लिए आप किसी भी माइल्ड क्लींजर का यूज कर सकते हैं। चेहरे की क्लींजिंग करने से स्किन पर जमा सारा डर्ट आसानी से निकल जाता है। चेहरा साफ, डर्ट फ्री बनता है।

### चेहरे पर लगाएं टोनर

चेहरे को क्लीन करने के बाद टोनर अप्लाई करना जरूरी होता है। टोनर चेहरे को स्मूद बनाता है, साथ ही स्किन के पीएच लेवल को भी बैलेंस रखता है। ड्राय स्किन वालों को हाइड्रेटिंग टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे स्किन में नमी बनी रहेगी। टोनर त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।





### होंठों को भी करें मॉयश्चराइज

होंठ भी चेहरे का ही हिस्सा होता है, इसलिए रात को इनकी देखभाल करना भी जरूरी है। आपको रात में अपने होंठों पर लिप बाम जरूर लगाना चाहिए। इसके लिए आप अपने होंठों को धोएं। साफ करें, लिप बाम अप्लाई कर दें। इससे रात भर होंठ मॉयश्चराइज रहेंगे।

# शरीर में आयरन की कमी होने पर नजर आते हैं ये संकेत, हो जाएं सतर्क

आज के समय में व्यक्ति का खानपान कुछ ऐसा है कि इससे उन्हें पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त नहीं हो पाते हैं। लगातार ऐसा होने से व्यक्ति के शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिससे शरीर की कार्यप्रणाली सही तरह से काम नहीं कर पाती हैं। इन्हीं पोषक तत्वों में से एक है आयरन। खानपान से लेकर ब्लड लॉस, प्रेग्नेंसी आदि ऐसे कई कारण होते हैं, जो शरीर में आयरन की कमी की वजह बनते हैं। आमतौर पर, लोगों को इसके बारे में पता नहीं चलता। लेकिन अगर आप ध्यान दें तो आपका शरीर खुद आयरन की कमी के संकेत देता है। बस जरूरत है कि आप इस पर ध्यान दें।




### बहुत अधिक थका हुआ महसूस करना

जब शरीर में आयरन की कमी हो जाती है, तो आप बिना किसी कारण भी खुद को बहुत अधिक थका हुआ महसूस कर सकते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि आपके टिश्यूज तक ऑक्सीजन कम मात्रा में पहुंचती है। जिसके कारण आपके शरी को पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा नहीं मिलती है और ऐसे में आपको अत्यधिक थकान का अहसास होता है।

### स्किन में पीलापन नजर आना



जब आपके शरीर में आयरन की कमी हो जाती है तो हो सकता है कि आपकी स्किन सामान्य से अधिक पीली नजर आए। खासतौर से, आपके चेहरे, लोअर इनर आईलिड और नाखून पीले नजर आ सकते हैं। यह पीलापन हीमोग्लोबिन के निम्न स्तर के कारण होता है, जो ब्लड को रेडनेस देता है।

### सांस की तकलीफ होना



कुछ लोगों के शरीर में आयरन की कमी होने पर सांस लेने में भी तकलीफ होती है। अमूमन लोग इसे अस्थमा से जोड़कर देखते हैं, लेकिन यह आयरन की कमी का एक लक्षण भी हो सकता है, क्योंकि कम हीमोग्लोबिन का स्तर आपके शरीर को आपकी मांसपेशियों और ऊतकों तक ऑक्सीजन को प्रभावी ढंग से पहुंचाने से रोकता है। जिससे सांस लेने में परेशानी होती है।

### सिरदर्द की समस्या होना



सिर में दर्द कई कारणों से हो सकता है। जैसे- अत्यधिक तनाव या शरीर में पानी की कमी। हालांकि, शरीर में आयरन की कमी होने पर भी लोगों को सिर में दर्द की शिकायत होती है। हालांकि, ऐसा क्यों होता है, इसके बारे में ठीक तरह से कुछ नहीं कहा जा सकता। डोपामाइन की शिथिलता, एस्ट्रोजन के स्तर और आयन की कमी के बीच संबंध पर अधिक शोध की आवश्यकता है।

### बाल और स्किन का सूखा और डैमेज्ड होना

यदि आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इससे आपकी स्किन और बालों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है, जिससे आपको स्किन व हेयर में सूखापन या डैमेज का सामना करना पड़ सकता है। अधिक गंभीर मामलों में, यह बालों के झड़ने का कारण भी बन सकता है।

# हरे प्याज दूर कर सकते हैं स्किन और बालों की ये समस्याएं

स्किन और बालों के लिए हरा प्याज काफी फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण स्किन के संक्रमण को दूर करने में प्रभावी हो सकते हैं। साथ ही इससे स्किन के दाग-धब्बों की परेशानी भी दूर हो सकती है। अगर आप चेहरे से दाग-धब्बों और झड़ते बालों की परेशानी को दूर करना चाहते हैं, तो हरे प्याज का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे काफी प्रभावी रिजल्ट मिल सकता है।

**डैंड्रफ की परेशानी से छुटकारा :** हरे प्याज की पत्तियां डैंड्रफ की परेशानी को दूर करने में प्रभावी हो सकता है। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण स्कैल्प से डैंड्रफ को प्रभावी तरीके से हटा सकते हैं। साथ ही फंगल इंफेक्शन की परेशानी को दूर कर सकता है। डैंड्रफ की परेशानी को दूर करने के लिए हरी प्याज की पत्तियों को पानी में डालकर उबाल लें। अब इस पानी से अपने बालों को धोएं। इससे डैंड्रफ की समस्या दूर हो सकती है।

**बालों को रखे मजबूत :** हरे प्याज का इस्तेमाल करने से बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है। इसके लिए हरे प्याज को पीस लें। अब इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करके अपने बालों की जड़ों और स्कैल्प पर लगाएं। इससे बालों की मजबूती बढ़ेगी। साथ ही यह बालों की ग्रोथ को बेहतर करता है।

**स्किन इंफेक्शन से बचाव :** स्किन से फंगल इंफेक्शन की परेशानी को दूर करने में हरी प्याज की पत्तियां आपके लिए लाभकारी हो सकती हैं। इसके लिए हरी प्याज की पत्तियों को अच्छे से पीस लें। अब इसमें एलोवेरा जेल और थोड़ी सी हल्दी मिक्स कर ले। इसके बाद इसे अपने चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन इंफेक्शन की परेशानी दूर होगी।

**झुर्रियों से छुटकारा :** हरी प्याज की पत्तियां झुर्रियों की परेशानी को दूर करने में प्रभावी होता। झुर्रियों की परेशानी दूर करने के लिए हरी प्याज की पत्तियों को पीसकर इसमें शहद और थोड़ा सा गुलाबजल मिक्स कर लेँ। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं। बाद में अपने चेहरे को सादे पानी से धो ले। इससे झुर्रियों और फाइन लाइंस की परेशानी दूर हो सकती है।

**स्किन और बालों के टेक्चर में सुधार :** हरी प्याज की पत्तियों को बालों औ स्किन पर लगाने से टेक्चर में सुधार आता है। बालों और चेहरे पर हरी प्याज की पत्तियों को लगाने के लिए सबसे पहले कुछ पत्तियों को पीस लें।

# पीली ही नहीं काली हल्दी भी है स्किन के लिए फायदेमंद, इन तरीकों से तैयार करें फेस मास्क

पीली हल्दी का इस्तेमाल कई लोग करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी काली हल्दी का इस्तेमाल किया है? जी हां, पीली हल्दी की तरह काली हल्दी भी होती है। यह भारत के कई क्षेत्रों में पाई जाती है, लेकिन इसका तुलनात्मक रूप से काफी कम इस्तेमाल किया जाता है। पीली हल्दी की तरह की काली हल्दी में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। इतना ही नहीं, यह स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। पीली हल्दी तरह की काली हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर रूप से होती है, जो स्किन की समस्याओं को दूर करने में प्रभावी हो सकती है।

**शहद और काली हल्दी :** काली हल्दी का इस्तेमाल आप चेहरे पर पीली हल्दी की तरह की कर सकते हैँ। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच काली हल्दी लें। अब इसमें 1 चम्मच करीब शहद डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर अच्छी तरह से एप्लाई कर लें। करीब 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपके चेहरे पर निखार आता है। साथ ही स्किन हाइड्रेट होती है।



**काली हल्दी और गुलाबजल :** चेहरे से दाग-धब्बों को दूर करने के लिए आप काली हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैँ। इसके लिए 1 चम्मच काली हल्दी लें। अब इसमें 1 चम्मच गुलाब जल और थोड़ा सा शहद मिक्स कर लें। अब इसे करीब 15 मिनट तक अपने चेहरे पर लगा हुआ छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से साफ कर लें। इस पैक को लगाने से चेहरे से दाग-धब्बों की परेशानी दूर हो सकती है।

**एलोवेरा और काली हल्दी :** स्किन को एक्ने और मुंहासों की परेशानी से छुटकारा दिलाने के लिए आप एलोवेरा और काली हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैँ। इसके लिए 1 चम्मच फ्रेश एलोवेरा जेल लें। इसके बाद इसमें थोड़ी सी काली हल्दी मिक्स कर लें। अब अपने पूरे चेहरे पर इसे लगाएं। नियमित रूप से इस पैक का इस्तेमाल करने से एक्ने और पिंपल्स की परेशानी दूर हो सकती है।

### बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने में प्रभावी

- मुंहासों को करे दूर।
- स्किन की सूजन से राहत।
- काले दाग-धब्बों से आराम।
- स्किन को हाइड्रेट रखने में प्रभावी।
- पपड़ीदार स्किन से राहत इत्यादि।

*पीली हल्दी की तरह ही काली हल्दी का इस्तेमाल चेहरे पर किया जा सकता है। इससे स्किन की परेशानी प्रभावी ढंग से दूर होगी। हालांकि, ध्यान रखें कि अगर आपकी परेशानी ज्यादा बढ़ रही है, तो डॉक्टर की सलाह लें। साथ ही अगर आप पहली बार हल्दी लगाने जा रहे हैं, तो पैच टेस्ट करना न भूले।*

# कभी नहीं खाना चाहिए घी और शहद एक साथ, सेहत को हो सकते हैं ये नुकसान

घी और शहद दोनों का एक साथ सेवन सेहत के लिए बहुत खतरनाक माना गया है। आपने भी इसके बारे में जरूर सुना होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं की घी और शहद खाने के नुकसान क्या हैं और इन्हें एकसाथ क्यों नहीं खाना चाहिए? दरअसल आयुर्वेद में पुराने समय से ही खानपान से जुड़े नियमों पर जोर दिया गया है। आयुर्वेद में बहुत से ऐसे खाद्य पदार्थों के कॉम्बिनेशन के बारे में बताया गया है जिनका एकसाथ सेवन सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है। घी और शहद का एकसाथ सेवन करना भी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। दोनों पदार्थों का अलग-अलग सेवन सेहत के लिए बहुत ही उपयोगी माना जाता है लेकिन अगर इन चीजों का एकसाथ सेवन किया जाए तो यह सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। घी दूध से बनता है और शहद एक प्राकृतिक पदार्थ है जो मधुमक्खियां बनाती हैं।

**घी और शहद का मिश्रण :** घी और शहद का मिश्रण सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है। आयुर्वेद की किताब चरक संहिता में भी इसके बारे में लिखा गया है। आयुर्वेद में घी और शहद के बराबर मिश्रण को जहर के समान माना गया है। इन दोनों चीजों का एकसाथ बराबर मात्रा में सेवन बहुत नुकसानदायक होता है। दरअसल शहद में फ्रुक्टोज, ग्लूकोज और माल्टोज आदि पाए जाते हैं इसके अलावा इसमें कुछ खनिज पदार्थ भी मौजूद होते हैं। शहद में एक बैक्टीरिया भी पाया जाता है जो घी और शहद के मिश्रण को जहरीला बनाने का काम करता है। शहद में मौजूद क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम बैक्टीरिया अगर घी या दूध में मिला दिया जाता है तो यह शरीर में बहुत तेजी से फैलता है जिसके कारण कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इनका एकसाथ सेवन करने से आपको कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

**घी और शहद खाने के नुकसान :** शहद और घी का मिश्रण सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है। इन दोनों चीजों को एकसाथ मिलाकर खाने से आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं जैसे पेट में गंभीर दर्द और पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। शहद और घी को एकसाथ खाने से आपकी सेहत को ये नुकसान पहुंच सकते हैं।

- शहद और घी को बराबर मात्रा में एकसाथ खाने से आपके पेट में गंभीर दर्द हो सकता है। इसकी वजह से पेट में कुछ केमिकल्स का निर्माण हो सकता है जो आपकी समस्या को और बढ़ा सकते हैं।
- आयुर्वेद के मुताबिक शहद और घी को एकसाथ खाने से आपको पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसके सेवन से आपका पाचन तंत्र कमजोर हो सकता है और कब्ज की समस्या या पेट में गैस की समस्या हो सकती है।
- शहद और घी को एकसाथ खाने से आपको स्किन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से आपको स्किन पर दानें, खुजली आदि की समस्या हो सकती है।

# गर्मियों में पसीने की दुर्गंध से हैं परेशान तो खाएं ये फूड्स

## आपके शरीर की बदबू को करते हैं कम



**गर्मियों में शरीर से पसीना आना एक आम बात है लेकिन अगर आपके शरीर से अधिक पसीना आता है, तो यह एक समस्या का कारण बन सकता है। साथ ही गर्मियों में पसीने, गर्म हवा और सूखेपन के कारण भी शरीर से अधिक पसानी निकलता है। पसीने की स्मैल के कारण कई बार आपको शर्मिंदगी भी महसूस होती है। इससे बचने के लिए आप तरह-तरह के परफ्यूम और कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन परफ्यूम ज्यादा देर तक आपके शरीर की दुर्गंध को कंट्रोल नहीं कर पाते हैं और अंत में आपको पसीने और दुर्गंध से परेशानी होने लगती है लेकिन इसके लिए आपको बहुत अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि आपके खाने में ऐसी कई चीजें होती है, जो शरीर से आने वाले पसीने को कम कर सकती है और साथ ही उसकी दुर्गंध से आपको छुटकारा भी मिल सकता है। इसके अलावा यह पूरे दिन आपको फ्रेश और तरोताजा बनाए रखने में मदद करता है। इसके लिए आप इन फूड्स को अपने डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं और गर्मी से बच सकते हैं।**

**दही या कम वसा वाले दूध का सेवन :** कैल्शियम आपके शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करता है और पसीने की बदबू भी कम कर सकता है।

यदि आपको सुबह में कैल्शियम का सेवन करना है, तो आपको अपने आहार में कम वसा वाले दूध को शामिल करना चाहिए। इसके अलावा गर्मियों में दही या छाछ भी कैल्शियम का अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके अलावा हाई प्रोटीन फूड्स को पचने में लंबा समय लगता है और यह शरीर के तापमान को बढ़ा सकते हैं। इसलिए दिनभर में आप छाछ या दही का सेवन जरूर करें।

**मौसमी फल और सब्जियां :** गर्मियों में कई मौसमी फल और सब्जियां खाने को मिलती है और इसमें भरपूर मात्रा में पानी पाया जाता है, जो शरीर को हाइड्रेट रखता है। आप खाने में ऑयली और तैलीय चीजों की जगह इन पानी से भरपूर फलों और सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। इससे शरीर के बदबू को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आप लौकी, भिंडी, खीरा, सलाद, संतरा, तरबूज, स्ट्रॉबेरीज और अनानास का सेवन जरूर करें। ये प्राकृतिक रूप से शरीर की दुर्गंध को कम करते हैं।

**ऑलिव ऑयल :** ऑलिव ऑयल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। जो आपके पाचन तंत्र को बढ़ावा देते हैं और शरीर के तापमान और पसीने के स्तर को नियंत्रित रखते हैं। इसे आप अपने खाने और सलाद की ड्रेसिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आप इसे शाम के स्नैक्स में चना फ्राई या सब्जियों को फ्राई करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**हाई फाइबर फूड्स :** प्रोसेड फूड्स को पचाना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे भोजन को पचाने के लिए आपके शरीर को काफी मेहनत करनी पड़ती है। जिसकी वजह से शरीर का तापमान बढ़ जाता है और अधिक पसीने की समस्या होने लगती है। पसीने से बदबू आने का कारण भी अधिक वसा वाले खाद्य पदार्थ हो सकते हैं। इसके लिए आप भोजन में लो फैट फूड शामिल करें। आप खाने में फाइबर युक्त भोजन जैसे साबुत अनाज, सफेद ब्रेड, ओट्स और दलिया खा सकते हैं।

**जूस और स्मूदी :** बहुत से लोगों को ऑफिस में या घर में खाली समय मिलने पर कुछ स्नैक्स खाने का मन करता है। ऐसे में बहुत से लोग कुछ चटपटी चीज या चाट खाना चाहते हैं। लेकिन शरीर की बदबू कम करने के लिए आपको अपने मिड डे टाइम या खाली समय में भी जूस या स्मूदी का सेवन करना चाहिए क्योंकि इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहता है। इसके लिए आप नारियल पानी, स्मूदी, फलों और सब्जियों से बने जूस का सेवन कर सकते हैं।

**पानी :** पसीना कम करने के लिए आप दिनभर में पानी की अधिक मात्रा का सेवन करें। पानी अधिक मात्रा में पीने से शरीर का तापमान भी नियंत्रित रहता है और ठंडापन महसूस होता है। इससे डिहाईड्रेशन की समस्या नहीं होती है और यह हृदय और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं को कम करने में भी मदद करता है।

इसके लिए आप पूरे दिन में आठ गिलास पानी का सेवन कर सकते हैं और पूरे दिन फ्रेश अनुभव कर सकते हैं। साथ ही आपको अगर अधिक पसीने या दुर्गंध की समस्या है, तो आपको चाय या कॉफी का अधिक सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इसमें कैफीन पाया जाता है और इससे डिहाईड्रेशन की परेशानी हो सकती है। साथ ही इससे शरीर का तापमान बढ़ता है और अधिक पसीना आता है।

# अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली प्री फाउण्डेशन में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर साइंस एग्जाम एनएसईजेएस टेस्ट सीरीज, विभिन्न ओलंपियाड्स में पदक विजेता, आर्ट कॉम्पिटिशन तथा विभिन्न टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 176 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रिंस एजुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल, प्री फाउण्डेशन हेड जयपाल राठौड़, प्रिंसिपल रेणुका पूनियां, कॉर्डिनेटर्स एवं फैकल्टी मेंबर्स ने टॉपर्स विद्यार्थियों का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मान किया। सेमिनार में मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने कहा कि प्रिंस प्री-फाउण्डेशन में स्पेशलाइज्ड बैचेज एवं डेडिकेटेड फैकल्टी द्वारा कक्षा 6 से 10वीं के साथ-साथ आईओक्यूएम, एनएसईजेएस, आईएनजेएसओ, आईएमओ, एसटीएसई सहित विभिन्न ओलंपियाड्स की उच्च स्तरीय तैयारी करवाई जाती है।

# महान प्रासाद वाले होते हैं ऋषि : आचार्य महाश्रमण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तेरापंथ धर्मसंघ के अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण ने मंगलवार को सुधर्मा सभा में धर्म सभा में ऋषि कैसे हों ? विषय पर पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि साधु बन जाना बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। अनंतकाल की यात्रा में ऋषित्व प्राप्त हो जाए, मुनित्व मिल जाए, संन्यास उपलब्ध हो जाए तो वह बहुत बड़ी चीज होती है। साधु के जीवन में संयम होना चाहिए। प्रवचन कार्यक्रम के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार को आचार्यश्री ने मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। साध्वीश्री शकुंतला ने दीक्षा के पचास वर्ष की सम्पन्नता के संदर्भ में अपनी विचाराभिव्यक्ति दी। प्रवचन के बाद चित्तौड़गढ़ के सांसद व राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भी आचार्यश्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पेयजल आपूर्ति का समय निश्चित करने के लिए सौंपा पत्र

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता एवं पूर्व भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया ने जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता को पत्र देकर एवं वार्ता कर अवगत कराया की रामचंद्र पार्क के पीछे की कई बस्तियों में रिणी टंकी से पीने के पानी की सप्लाई की जाती है, परन्तु इस सप्लाई का कोई निश्चित या निर्धारित समय नहीं है। इंदौरिया ने बताया की यहां शनि मंदिर के पास भार्गव बस्ती, गुरुकुल स्कूल के पास की बस्ती, प्रकाश पाठ शाला के पास की बस्ती, भोलागिरी भवन एवं गोगा मेला स्थल के आस पास लग भग दो सौ घरों की बस्तियों में जलदाय विभाग द्वारा रिणी की टंकी से दी जाने वाली सप्लाई का कोई निश्चित समय नहीं है। उक्त स्थानों पर सायं 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक कभी भी सप्लाई खोली जा रही है। जिससे आम जन उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ के लोग शादी विवाह एवं महोत्सवों के समय भी सारे खुशियों के कार्यक्रम छोड़कर देर रात्रि में पानी भरने पर मजबूर होते है। इंदौरिया ने विभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित कर वार्ता की है कि अतिशीघ्र इस समस्या का समाधान किया जावे। अधिशाषी अभियंता ने आने वाले दस दिनों में सप्लाई का समय निश्चित एवं निर्धारित कर लोगो को राहत प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

# प्रगणकों की समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ उपशाखा शेखावत के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के माध्यम के माध्यम से जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है जिन प्रगणको को एक से अधिक एचएलबी हाउस लिस्टिंग ब्लॉक आंवटित किये गए हैं, उन्हें अतिरिक्त समय और अतिरिक्त पारिश्रमिक दिया जाए तथा प्रगणक/पर्यवेक्षको के नियुक्ति पत्रध् निर्देशन में पदानुक्रम संबन्धी विसंगतियों को दूर किया जाए। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में उपशाखा मंत्री इंद्राज स्वामी, कार्यवाहक अध्यक्ष मंगल सिंह महला, मदन सहारण, महेंद्र आचार्य, जिला सभाध्यक्ष, हवासिंह मोगा, विजय सिंह जाखड़, ओमप्रकाश कस्वां, अविनाश गोदारा, विनोद कस्वां आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर परिषद्, झुन्झुनू (राज.)

क्रमांक :-एफ(5)( )विकास/2026-27/1942 दिनांक :- 08.05.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 03/2026-27**
**(NIB Code- DLB2627A1554)**
**कुल राशि - 124.80 लाख**

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत (लाखो में) | 12480000/- |
| कुल धरोहर राशि 2 प्रतिशत (रूपये में) | 249600/- |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 08.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे से 18.05.2026 प्रातः 10.00 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | 08.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे से 18.05.2026 प्रातः 10.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 18.05.2026 दोपहर 11.00 बजे |

निविदा सूचना इंटरनेट साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद झुन्झुनू

राज.संवाद/सी/26/2620


# स्टेडियम प्रकरण को लेकर कलेक्टर से मिले ग्रामीण

## आज होगी आमने-सामने की जंग, ग्रामीणों को नोटिस देकर किया पाबंद

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** ग्राम परसरामपुरा में राजीव गाँधी खेल स्टेडियम को टूटने से बचाने को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर अरुण कुमार गर्ग से मिला और स्टेडियम प्रकरण को लेकर मंत्रणा की। इस मौके पर ग्रामीणों के प्रतिनिमंडल के साथ पुलिस अधीक्षक कवेंद्र सागर, नवलगढ़ उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत भी थे।

प्रतिनिधिमंडल में ग्राम प्रशासक करणीराम, सामाजिक कार्यकर्त्ता सुरेश गुर्जर, रफीक चोपदार, भोलाराम गुर्जर, रामप्रताप मीणा, विनोद टेलर, अरुण चाहर, किशोर जांगिड़, सज्जन चाहर, सरदार चाहर, राहुल सर्राफ, मनीष मीणा शामिल थे। वार्ता के दौरान कलेक्टर गर्ग ने कहा की वे उच्च न्यायालय के आदेशो की पालना करेंगे और बुधवार को स्टेडियम को अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा। गौरतलब है कि कोर्ट के आदेशानुसार बुधवार को परसरामपुरा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम को नदी के बहाव क्षेत्र में आने के कारण इस पर हुए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त किया जाना प्रस्तावित है। इधर ग्रामीणों में आक्रोश है की वे किसी भी स्थिति में खेल स्टेडियम को टूटने नहीं देंगे चाहे उन्हें आर पर की लड़ाई ही करने पड़े।



### जिला कलेक्टर ने किया मौका स्थिति का मुआवना

स्टेडियम को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर जिला कलेक्टर झुंझुनू ने मंगलवार शाम को परसरामपुरा के स्टेडियम का दौरा किया और वस्तु स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ झुंझुनू पुलिस अधीक्षक कवेंद्र सागर व उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह शेखावत, सीआई अजय सिंह शेखावत थे। उन्होंने स्टेडियम के चारो तरह घूमकर सर्वे किया और स्टेडियम में आने वाले सभी रास्तो को बुधवार को बेरीकेट्स लगाकर बंद करने के आदेश दिए है।

### ग्रामीणों को किया पाबंद

ग्राम परसरामपुरा में मंगलवार शाम को करीब सैंकड़ो लोगों को प्रशासन द्वारा पाबंद किया गया है की वे 13 मई को सुबह 10 बजे नवलगढ़ तहसीलदार कार्यालय में उपस्थित होंगे आगामी छह महीने तक शांति कायम रखेंगे।

# नीट परीक्षा रद्द करने के फैसले का कोचिंग महासंघ ने किया स्वागत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नीट परीक्षा में पेपर लीक की आशंका के चलते परीक्षा रद्द किए जाने के निर्णय का ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ ने स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। महासंघ ने कहा कि परीक्षा रद्द होने से विद्यार्थियों को अस्थायी परेशानी जरूर होगी, लेकिन यदि पेपर लीक की स्थिति में परीक्षा जारी रहती तो छात्रों पर मानसिक दबाव और बढ़ता। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने कहा कि वन वीक सीरीज, गैस पेपर, पासबुक और कुंजी जैसे अध्ययन सामग्री वर्षों से परीक्षा तैयारी का हिस्सा रही हैं और कई बार इनमें से बड़ी संख्या में प्रश्न परीक्षा में आ जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि महासंघ अब भी इस मामले को सीधे तौर पर पेपर लीक नहीं मान रहा है। नाडार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय वास्तविक पेपर लीक मामलों में भी छात्रों को सड़कों पर उतरना पड़ा और कई मामलों में न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से राजस्थान में बड़े पेपर लीक मामलों पर नियंत्रण वर्तमान सरकार की सुशासन नीति को दर्शाता है।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, परिजनों ने कराया हत्या का मामला दर्ज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा थाना इलाके की जीवन दीप कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मकान से दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जहां महिला का शव पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में शव करीब दो दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर मृतका की पहचान टोंक जिले के बरौनी निवासी अंबिका के रूप में की। थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि अंबिका फरवरी माह में अपने पति और दो बच्चों को छोड़कर राम कल्याण गुर्जर के साथ चली गई थी। इसके बाद दोनों ने 3 मई को मुरलीपुरा क्षेत्र में किराए का मकान लिया था। पुलिस के अनुसार परिजनों की रिपोर्ट पर रामकल्याण गुर्जर के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मामले की जांच जारी है।


## नाम परिवर्तन

मैं सुनिल कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी रोड नं. 3 वार्ड नं 23 शिव कॉलोनी तहसील व जिला झुंझुनू राज.। मैंने मेरा नाम सुनिल से बदलकर सुनिल कुमार पुत्र श्याम लाल रख लिया है भविष्य में मुझे सुनिल कुमार पुत्र श्याम लाल के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे पासपोर्ट में भी दुरूस्त करें।



## कार्यालय नगरपालिका मंडल, मंडावा (झुंझुनूं) राज.

क्रमांक :- 421 दिनांक :- 12/5/26

**आपति-सूचना**

एतद्ध द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति ने निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में स्वयं उपस्थित होकर मय प्रमाण के आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने पर कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

| क्र.सं | नाम व्यक्ति | भूमि स्थल | भूमि क्षेत्रफल | भूमि की चतुर्थ सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अरूणा पत्नी श्री सुनिल कुमार | भूखण्ड संख्या 230 इन्दिरा कॉलोनी मण्डावा | 227.60 वर्गमीटर | उत्तर में - प्लॉट नं. 238<br>दक्षिण में - प्लॉट नं. 240<br>पूर्व में - रास्ता<br>उत्तर में - प्लॉट नं. 212 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका मण्डावा**



## उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, झुंझुनूं

क्रमांक :- संस्था/2026-27/408 दिनांक :- 11/05/26

**खुली निविदा सूचना**

उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, झुन्झुनू के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में कैम्पस प्लेसमेंट शिविरों के आयोजन हेतु टेन्ट, साउण्ड सिस्टम मय माइक, जरनेटर इत्यादि व्यवस्था कार्य संविदा पर करवाये जाने के लिये पंजीकृत फर्मों से शर्तरहित मुहरबनद बोली प्रस्ताव (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित किये जाते है। जिसका विवरण sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर UBN नंबर EMP2627A022 पर उपलब्ध है।


# 55 लाख की कोकीन और एमडी के साथ नाइजीरियन ड्रग्स माफिया गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में अवैध मादक पदार्थ तस्करों और ड्रग्स माफिया के खिलाफचला, जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम सीएसटी और शिप्रापथ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है। जहां पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क पर प्रहार करते हुए एक नाइजीरियन नागरिक को व्यावसायिक मात्रा में कीमती कोकीन और एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 55 लाख रुपये आंकी जा रही है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी कि शिप्रापथ थाना इलाके में स्थित होटल गंगा श्रेय इन एसएफएस मानसरोवर के बाहर एक नाइजीरियन व्यक्ति अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई देने के लिए खड़ा है। इस सूचना पुख्ता होने पर सीएसटी और शिप्रापथ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध नाइजीरियन व्यक्ति को दबोच लिया।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल बिसाऊ (झुंझुनू)

Ph. 01595-264210, Fax-01595-264210 Email-bisau.jaipur@gmail.com

क्रमांक :- 1361 दिनांक :- 1-5-26

**आपति विज्ञप्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन हेतु पालिका में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/ हितधारक/संस्था को कोई आपति हो तो आपति सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अन्दर-2 सुसंगत दस्तोवजों के साथ आपति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद गुजरने किसी आपति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. सं. | पत्रावली संख्या | आवेदक का नाम | खसरा सं./आवेदक स्थल का पता | भूखण्ड का क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 270 | भरत सिंह पुत्र देवी सिंह ग्राम नाथुपरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनूं | 869/मालियों का मोहल्ला बिसाऊ | 223.04 व.मी. | कृषि भूमि नियमन आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका बिसाऊ



## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड सीकर

(दूरभाष संख्या 01572-294311 ई-मेल eephedskr@gmail.com)

कमांक:एफ 1 ( )/2026-27/720 दिनांक:- 07.05.2026

### ई-निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग में पंजिकृत डी एंव उच्य श्रेणी के संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 21.05.2026 को सांय 5:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। ऑन लाईन निविदाएं इसी वेबसाईट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा 21.05.2026 को सायं 6:00 बजे तक जमा कराये जा सकते है। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 22-05-2026 को इस कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजीटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| निविदा संख्या | विवरण | निविदा की अनु. लागत (रू. लाख) | धरोहर राशि (रूपये) | निविदा शुल्क (रूपये) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIB No | UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12/2025-26 | "Annual Rate Contract for Work of Repair of Tubewells, Pumpsets, Pump House Machinary and various size of valves at village Katrathal under sub Dn Piprali juridication Division Sikar." | 16.62 | 33240 | 500 | 12 माह | PHE2627 A0406 | PHE2627 WSRC00844 |
| 13/2025-26 | Annual Rate Contract for Work of Repair of Tubewells, Pumpsets, Pump House Machinary and various size of valves at village Piprali, Raghunathgarh, Kushalpura and Gungara under sub Dn Piprali juridication Division Sikar." | 33.52 | 67040 | 500 | 12 माह | PHE2627 A0406 | PHE2627 WSRC00846 |
| 14/2025-26 | "Annual Rate Contract for Work of Repair of Tubewells, Pumpsets, Pump House Machinary and various size of valves at village Beri Doultpura, Kolida and Tarpura under sub Dn Piprali juridication Division Sikar." | 45.63 | 91260 | 500 | 12 माह | PHE2627 A0406 | PHE2627 WSRC00848 |
| 15/2025-26 | Annual Rate Contract for Work of Repair of Tubewells, Pumpsets, Pump House Machinary and various size of valves at village Palsana, Shishoo and Ranoli under sub Dn Palsana juridication JDivision Sikar." | 22.82 | 45640 | 500 | 12 माह | PHE2627 A0406 | PHE2627 WSRC00850 |
| 16/2025-26 | "Annual Rate Contract for Work of Repair of Tubewells, Pumpsets, Pump House Machinary and various size of valves at village Manda, Madani and Jeenmata under sub Dn Palsana juridication Division Sikar. | 20.48 | 40960 | 500 | 12माह | PHE2627 A0406 | PHE2627W SRC00853 |

(रामकुमार चाहिल)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांन्त्रिकी विभाग खण्ड सीकर

DIPR/C/8227/2026

# आरजीएचएस को इंश्योरेंस मोड में देने के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम आरजीएचएस को इंश्योरेंस मोड पर संचालित करने के प्रस्ताव के विरोध में मंगलवार को प्रदेशभर के कर्मचारियों ने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले जिला मुख्यालयों पर विरोध जताते हुए चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया और योजना को उसके मूल स्वरूप में बनाए रखने की मांग की। जयपुर कलेक्ट्रेट पर आयोजित मुख्य प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के गठन के बाद से लगातार आरजीएचएस योजना से छेड़छाड़ की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के वेतन से नियमित कटौती होने के बावजूद उन्हें योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। शर्मा ने कहा कि सरकार और निजी चिकित्सा संस्थानों की मिलीभगत से योजना को इंश्योरेंस मोड पर देने का प्रयास किया जा रहा है। जो कर्मचारियों के चिकित्सा अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने बताया कि सरकार के अनुसार योजना पर पहले करीब 600 करोड़ रुपए खर्च होते थे। जो अब बढ़कर 4300 करोड़ रुपए तक पहुंच गए हैं। शर्मा ने कहा कि सरकार से हुई वार्ता में यह तथ्य सामने आया कि इतनी बड़ी योजना के संचालन के लिए मात्र 34 कर्मचारी नियुक्त हैं। इसे सरकार की मॉनिटरिंग विफलता बताते हुए उन्होंने कहा कि इसकी सजा कर्मचारियों को नहीं भुगतनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने चिकित्सा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष जताया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि कर्मचारी किसी भी स्थिति में आरजीएचएस को इंश्योरेंस मोड पर लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने मांग की कि सरकार वार्ता के माध्यम से योजना में सुधार करें और इसे मूल स्वरूप में जारी रखे। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो 15 मई से 25 मई के बीच चिकित्सा मंत्री के सभी सरकारी दौरों का काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा। साथ ही 28 मई को जयपुर में बड़ा आंदोलन आयोजित करने की घोषणा भी की गई।

महासंघ के महामंत्री महावीर सिहाग तथा राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल चौधरी ने कहा कि यदि सरकार आरजीएचएस को इंश्योरेंस मोड पर लागू करने की दिशा में आगे बढ़ती है तो संगठन प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## 20 सितंबर को होगी एसआई भर्ती-2021 की पुनर्परीक्षा

### केवल पुराने अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी ने पुलिस उपनिरीक्षक एसआई भर्ती-2021 की पुनर्परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा अब 20 सितंबर 2026 रविवार को आयोजित की जाएगी। पेपर लीक मामले में न्यायालय के आदेश के बाद आयोग ने पूर्व में आयोजित परीक्षा को निरस्त कर पुनः परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि एसआई भर्ती-2021 की मूल परीक्षा 13 से 15 सितंबर 2021 के बीच आयोजित हुई थी। यह भर्ती 859 पदों के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें 3 लाख 83 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्परीक्षा में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। जिन्होंने पूर्व परीक्षा के दोनों प्रश्न पत्रों में उपस्थिति दर्ज करवाई थी। नए अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में अवसर नहीं दिया जाएगा। आयोग ने अभ्यर्थियों को आवेदन संबंधी जानकारी अपडेट करने का अवसर भी दिया है। 16 मई से 30 मई 2026 तक अभ्यर्थी अपने आवेदन में पंजीकृत मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी और पत्राचार का पता संशोधित कर सकेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने अपनी एसएसओ आईडी बदल ली है, वे फेच एप्लीकेशन फॉर्म विकल्प के जरिए पुरानी आईडी का डेटा नए प्रोफाइल में ट्रांसफर कर सकेंगे। रामनिवास मेहता ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर प्रक्रिया भी अपडेट करनी होगी। जिन अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का संशोधन नहीं करना है, उन्हें भी आवेदन को एडिट मोड में खोलकर अपनी लाइव फोटो, हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान के उपयोग के लिए अनिवार्य सहमति देनी होगी। इसके बाद फाइनल सब्मिट बटन पर क्लिक कर मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया पूरी किए बिना आवेदन मान्य नहीं माना जाएगा। पेपर लीक प्रकरण के बाद आयोजित होने जा रही इस पुनर्परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में एक बार फिर तैयारी का माहौल बन गया है।

## 84 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 49 में विधायक गोपाल शर्मा ने लगभग 84 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय कार्यालय, भारत माता मंदिर, भारत माता पथ, सी-स्कीम में हुआ, जहां बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने भारत माता पथ पर 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी सड़क, सुभाष कॉलोनी में 30 लाख रुपए की लागत से बनी डामर सड़क तथा अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत 24 लाख रुपए की लागत से डाली गई नई सीवर लाइन का लोकार्पण किया। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि सिविल लाइंस क्षेत्र में सड़क, सीवर और अन्य मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम को विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य जुगल किशोरए क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम ने भी संबोधित किया और सर्व समावेशी विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने क्षेत्र को भय भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और समरसता को बढ़ावा देने के लिए विशेष तौर पर विधायक शर्मा का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पार्षद प्रत्याशी अनिल बागड़ा, सिविल लाइंस मंडल अध्यक्ष इंदु परमार, श्याम नगर मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, महामंत्री प्रवीण शर्मा, संजय सैनी, वार्ड अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## भगवान नृसिंह की शोभायात्रा निकाली

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चांदपोल बाजार के नींदड़ राव जी का रास्ता स्थित मंदिर श्री नृसिंह अग्रवाल पंचायत समिति के तीन दिवसीय पाटोत्सव के प्रथम दिन मंगलवार को नृसिंह लीला का दर्शन हुआ। चांदपोल बाजार में नृसिंह भगवान की झांकी को देखने श्रद्धालु उमड़ पड़े। मुख्य झांकी से पहले श्री हनुमान जी की जीवंत झांकी निकाली गई। नींदड़ राव जी का रास्ता स्थित श्री नृसिंह जी मंदिर में महंत पं. मनमोहन शर्मा के सान्निध्य में समाजसेवी चंद्र मोहन बटवाड़ा, मंदिर नृसिंह अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल एवं अन्य ने महाआरती की। जैसे ही खंभ से भगवान नृसिंह प्रकट हुए तो मंदिर जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व नृसिंह भगवान के 80 किलो वजन के मुकुट का पूजन हुआ। जयकारों के साथ नृसिंह भगवान की झांकी मंदिर से रवाना होकर चांदपोल बाजार पहुंची। चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्र जी मंदिर, हनुमान जी मंदिर, सतगुरु मंदिर के बाहर नृसिंह भगवान की आरती और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं समाजसेवी और स्थानीय निवासियों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर शरबत, शिकंजी, आमरस, आइसक्रीम का वितरण किया। मार्ग में रंगीन आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रही।

## सूरजगढ़ निशान का किया स्वागत



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सूरजगढ़ का निशान झुंझुनू धाम के शिखर पर लहराने के लिए जैसे ही झुंझुनू की सीमा में प्रवेश किया तो वैसे ही स्वागत के फूल बरसने लगे। अग्रवाल सर्किल पर उषा सैनी ने निशान की पूजा अर्चना करवाई और भोर की पहली जोत। निशान लेकर आए सूरजगढ़ के श्याम भक्तों का फूल माला पहनाकर और बरसाकर स्वागत किया। इस दौरान दिनेश सैनी, नीतू सैनी, ललिता सैनी, साहिल सैनी, खुशवंत, मुकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, अशोक शर्मा, संजय किरोड़ीवाल, किशोरीलाल सिंगोदिया, संजय सैनी सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे और सुबह की आरती में शामिल हुए।

## पेड़ों पर परिण्डे बांध भरा पक्षियों के लिए पानी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** बढ़ती गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सेवायाम और रामार्थम फाउंडेशन द्वारा विशेष अभियान चलाकर पेड़ों पर परिण्डे लगाए गए। अभियान के दौरान सदस्यों ने परिण्डों में नियमित रूप से पानी भरने और पक्षियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर सेवायाम की संस्थापक पूर्व महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि भीषण गर्मी में इंसानों के साथ-साथ पक्षियों और मूक जीवों को भी पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है। ऐसे समय में समाज का दायित्व बनता है कि वह जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाए और उनके संरक्षण के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि एक छोटा सा परिण्डा हजारों पक्षियों के जीवन का सहारा बन सकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, मोहल्ले या आसपास के पेड़ों पर परिण्डा लगाए और उसमें नियमित पानी डाले, तो गर्मी के मौसम में अनेक पक्षियों की जान बचाई जा सकती है। रामार्थम फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. संजय खण्डेलवाल ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने की परंपरा को जन आंदोलन का रूप दें। अभियान के दौरान सीईओ दुष्यंत यादव सहित दोनों संस्थाओं के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने का संदेश दिया।

## 18 मई को जुटेंगे प्रदेशभर के कर्मचारी नेता : सरकार के खिलाफ बनेगी रणनीति

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आगामी 18 मई को जयपुर स्थित गवर्नमेंट प्रेस कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक में राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी मांगों की लगातार अनदेखी किए जाने के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ और प्रदेश महामंत्री मोहनलाल शर्मा ने संयुक्त बयान में बताया कि राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम आरजीएचएस में आ रही लगातार समस्याओं और समर्पित अवकाश सरेंडर लीव के भुगतान पर लगी अघोषित रोक से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में महासंघ के आह्वान पर प्रदेशभर में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर आरजीएचएस की विसंगतियों तथा समर्पित अवकाश भुगतान नहीं होने के विरोध में प्रदर्शन भी किया था। महामंत्री मोहनलाल शर्मा ने कहा कि बजट घोषणाओं के बावजूद पदोन्नति आदेश जारी नहीं किए गए हैं। साथ ही संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए अनुभव में दो वर्ष की छूट, ठेका कार्मिकों के लिए आरएमएलसीएल गठन सहित महासंघ के 25 सूत्रीय मांगपत्र पर अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विभिन्न कर्मचारी संगठनों की लंबित मांगों पर भी गंभीरता नहीं दिखा रही, जो कर्मचारी विरोधी सोच को दर्शाता है। बैठक में प्रदेशभर के जिला अध्यक्षों और विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान संगठन को मजबूत करने के साथ आगामी संघर्ष और आंदोलन के चरणों की घोषणा भी की जाएगी। महासंघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने समय रहते वार्ता के जरिए समाधान नहीं निकाला तो कर्मचारी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

## छोटीकाशी में बड़े मंगल की धूम, हनुमान मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रथम ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़ा मंगल मंगलवार पर छोटीकाशी के हनुमान मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। खोले के हनुमान जी काले हनुमान जी, ढहर के बालाजी, पापड़ वाले हनुमान जी, सांगानेरी गेट के पूर्व मुखी-पश्चिम मुखी हनुमान, दिल्ली रोड और गलता गेट के पंचमुखी हनुमान मंदिर, हाथोज के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में बड़ा मंगल पर पंचामृत अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया गया। नवीन पोशाक धारण कराकर गजरा धारण कराया गया। भक्तों ने सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया। झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री बड़ पीपली धाम में महंत प्रमेन्द्र नाथ महाराज के सानिध्य में हनुमान जी महाराज का 108 किलो दूध से अभिषेक किया गया। दुग्धाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने सवा लाख राम नाम मंत्र जप किया। बड़ पीपली धाम के प्रवक्ता विक्रम सिंह रुंडल ने बताया कि हनुमान जी महाराज के अभिषेक किए गए दूध को जीवों के लिए जगह-जगह पात्रों में डालकर रखा गया। उल्लेखनीय है कि बड़ पीपली धाम में 27 दिन से दुग्धाभिषेक का अनुष्ठान चल रहा है। प्रतिदिन 108 किलो दूध से हनुमान जी महाराज का दुग्धाभिषेक किया जा रहा है। यह अनुष्ठान पूरे 43 दिन चलेगा। इस बार अधिक मास के कारण ज्येष्ठ माह 59 दिन का रहेगा। इसी कारण 19 साल बाद दुर्लभ संयोग बना है, जब सामान्य 4 की जगह 8 बड़े मंगल पड़ेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार बड़े मंगल पर हनुमान जी की विशेष पूजा, भंडारे और दान-पुण्य का महत्व होता है।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** उप जिला चिकित्सालय रींगस में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर गरिमामय सम्मान एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ सहित उप जिला चिकित्सालय रींगस के समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में सकारात्मक, प्रेरणादायक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान मरीज सेवा में नर्सिंग स्टाफ के समर्पण, धैर्य, करुणा एवं महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर पीएमओ डॉ जितेन्द्र सिंह निठारवाल ने नर्सिंग स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी अस्पताल की वास्तविक मजबूती उसकी नर्सिंग टीम होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर उपचार की दिशा तय करता है लेकिन उस उपचार को सही समय पर, सही तरीके से मरीज तक पहुँचाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य नर्सिंग स्टाफ द्वारा किया जाता है।

उन्होंने कहा कि दिन हो या रात, इमरजेंसी हो या आईसीयू, वार्ड हो या ट्रोमा नर्सिंग स्टाफ हर परिस्थिति में पूरी सेवा भावना, संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ कार्य करता है। मरीजों की देखभाल के साथ-साथ उनके परिजनों को भावनात्मक सहयोग देने में भी नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है। डॉ निठारवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटेंगल की जयंती पर मनाया जाता है, जिन्होंने नर्सिंग प्रोफेशन को नई पहचान एवं सम्मान दिलाया। वहीं नर्सिंग अधीक्षक मोतीलाल बिजारणिया ने बताया कि उप जिला चिकित्सालय रींगस में पीएमओ डॉ जितेन्द्र सिंह निठारवाल के नेतृत्व में अस्पताल व्यवस्थाओं एवं मरीज सेवाओं में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएमओ द्वारा नर्सिंग स्टाफ एवं अस्पताल कर्मियों को हमेशा टीम भावना एवं सकारात्मक वातावरण में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे कार्य करने का उत्साह बढ़ता है। डॉ जितेंद्र यादव, डॉक्टर रमेश यादव, डॉक्टर रामावतार दायमा, डॉ मनीष मीणा, डॉक्टर प्रकाश धायल, डॉक्टर इंद्र राम रणवा, डॉक्टर सुनील गढ़वाल, डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर स्वाति नयन उन्होने नर्सिंग स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि बढ़ते मरीज भार, इमरजेंसी सेवाओं एवं लगातार कार्य दबाव के बावजूद नर्सिंग टीम पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ मरीजों की सेवा कर रही है, जो वास्तव में प्रशंसनीय है। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर मोहन लाल यादव, अशोक शर्मा, सुभाष, रामचंद्र शर्मा, सुभिता वर्मा, पूनम, संतोष वर्मा, सुभिता, साधना, मनोरी सुंडा, कल्पना, आशा, सजना, विजय सागर, राहुल, पंकज, पूरणमल गढ़वाल, अनिल अग्रवाल, फार्मासिस्ट ताराचंद हरीतवाल सहित नर्सिंग ऑफिसर डीडीसी स्टाफ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## घटिया सड़क निर्माण को लेकर किसानों का प्रदर्शन

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे में नगर पालिका की ओर से किसानों के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे जैकरा सड़क निर्माण कार्य को लेकर किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने एवं अधूरे निर्माण कार्य के आरोप लगाते हुए नगर पालिका और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने भ्रष्टाचार के खिलाफनारेबाजी करते हुए 22 मई को नगर पालिका कार्यालय के समक्ष बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार कुछ माह पूर्व नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से जैकरा रोड निर्माण के टेंडर जारी किए गए थे। किसानों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया तथा कई स्थानों पर केवल औपचारिकता निभाते हुए मिट्टी डालकर सड़क निर्माण दिखा दिया गया। वहीं कई हिस्सों में सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग के आरोप लग रहे हैं। किसानों ने बताया कि राजलदेसर नेशनल हाईवे-11 से सिकराली जाने वाले मार्ग पर केवल करीब 100 मीटर तक ही जैकरा रोड का निर्माण किया गया, जबकि भड़पालसर एवं बंडवा चौराहे से राजलदेसर की ओर जाने वाले मार्ग पर लगभग डेढ़ सौ मीटर तक बेहद पतली परत डालकर कार्य पूरा दिखा दिया गया। किसानों का आरोप है कि कई स्थानों पर मात्र दो से तीन इंच तक ही निर्माण सामग्री डाली गई तथा बीच के लंबे हिस्से को पूरी तरह छोड़ दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष भादर भामू ने किया। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा कई बार संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण की निष्पक्ष जांच कर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करवाया गया तो 22 मई को हजारों किसानों के साथ नगर पालिका कार्यालय के आगे ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। किसान नेता भामू ने राजस्थान सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए भेजी जा रही राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है। उन्होंने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान देवकिशन सुथार, शंकर जाट, मूलाराम सुथार, भंवरलाल जाट, रुपाराम जाट, नेमीचंद जाट, हेमाराम मेघवाल, गोदाराम टाक, विनोद सुथार, बाबूलाल सुथार, लालचंद जाट, मामराज जाट, नथाराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190